Title Code :- RAJHIN27855

THE DAYSPRING NEWS

# दैनिक द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्षः 4 अंकः249 मूल्यः 3 रू पेजः 8 जयपुर, गुरूवार/ 2 अक्टूबर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर , सिरोही से प्रसारित)

## संक्षिप्त खबरें

### मेघालय : 2.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, दो गिरफ्तार

**जोवाई।** मेघालय के पश्चिमी जयंतिया हिल्स जिले में मणिपुर निवासी दो व्यक्तियों के कब्जे से 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक गिरि प्रसाद ने बताया, गोपनीय सूचना के आधार पर पश्चिमी जयंतिया हिल्स पुलिस और राज्य के मादक पदार्थ रोधी कार्यबल के एक संयुक्त दल ने रविवार देर रात फ्रामर मेर पुलिस यातायात चौकी के पास एक वाहन को रोका। खलीहरियट से जोवाई की ओर आ रहे इस वाहन की तलाशी ली गई और भीतर साबुन के 50 डिब्बों में छिपाकर रखी गई 512.63 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। एसपी ने बताया, गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों की पहचान मणिपुर के कांगपोकपी जिले के चुचुंग सेर्टो और चुराचांदपुर जिले के थांगगिन तोवथांग के रूप में हुई है।

### मणिपुर : चार उग्रवादियों से हथियार, गोला-बारूद जब्त

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के चार उग्रवादियों को मणिपुर के इंफाल वेस्ट और ईस्ट जिलों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया, ये सभी गिरफ्तारियां रविवार को की गईं। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के एक सक्रिय सदस्य को इंफाल वेस्ट जिले के फायेंग चिग खुनोऊ स्थित एक आवासीय इलाके से गिरफ्तार किया गया। उग्रवादी की पहचान 34 वर्षीय अंगोम अचौ सिह के रूप में हुई है, जिसके कब्जे से डबल बैरल राइफल जब्त की गई।

### वियतनाम में चक्रवात का कहर, नौ की मौत

**हनोई।** चक्रवात 'बुआलोई' से हुई भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण मध्य वियतनाम में सड़कें जलमग्न हो गईं, छतें उड़ गईं और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गयी। बाद में यह चक्रवात कमजोर होकर तूफान के रूप में सोमवार को लाओस की ओर बढ़ गया। चक्रवात से भारी तबाही हुई, जिसने मकानों, स्कूलों और बिजली के खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया, कई अस्थायी पुल बह गए और कई प्रान्तों में सड़कें एवं निचले जलमार्ग डूब गए। शहरों में बाढ़ के कारण वाहन पानी में डूब गए और ऊंचाई वाले इलाकों में रहने वाले लोगों के समुदाय का शेष स्थानों से संपर्क कट गया।

## भारत और भूटान के बीच बनेंगे दो रेल संपर्क मार्ग





**नई दिल्ली** भारत ने सोमवार को भूटान के शहरों समत्से और गेलेफू के साथ 4000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से दो सीमा पार रेल संपर्क स्थापित करने की एक संयुक्त योजना घोषित की।

इस पहल का विवरण रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने एक प्रेस वार्ता में सार्वजनिक किया। मिस्री ने कहा, दोनों सरकारें बानरहाट (पश्चिम बंगाल) को समत्से से और कोकराझार (असम) को गेलेफू से जोड़ने के लिए दो सीमा पार रेल संपर्क स्थापित करने पर सहमत हुई हैं।

उन्होंने कहा, भारत और भूटान के बीच असाधारण विश्वास, आपसी सम्मान और समझ का रिश्ता है। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भूटान यात्रा के दौरान रेल संपर्क स्थापित करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। वैष्णव ने कहा, ये परियोजनाएं भारतीय रेलवे के नेटवर्क से शुरू होंगी। इस समय लगभग 4,033 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है। इस पहल के तहत 89 किलोमीटर लंबा रेलवे नेटवर्क बनाया जाएगा।

## चांदी पहुंची डेढ़ लाख पर सोने में 1500 का उछाल

**नई दिल्ली** । राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 7,000 रुपये उछलकर 1.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। सोना भी मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच 1,500 रुपये चढ़कर 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले सत्र में 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 1,500 रुपये की तेजी के साथ 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो शनिवार को 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की




कीमतों में भी भारी तेजी देखी गई और यह 7,000 रुपये उछलकर 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

इससे लगातार चौथे सत्र में बढत दर्ज की गई। पिछले कारोबार में चांदी कीमत 1,43,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। विदेशी बाजार में सोने और चांदी दोनों में जोरदार तेजी दर्ज की गई। हाजिर सोना लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 3,824.61 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि चांदी दो प्रतिशत से अधिक बढकर 47.18 डॉलर प्रति औंस हो गई। विश्लेषकों के अनुसार, सर्राफा कीमतों में उछाल- मजबूत वैश्विक मांग और कमजोर डॉलर के कारण आया। निवेशकों ने निरंतर वैश्विक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश की ओर रुख किया।

### रुपया अब तक के रिकार्ड निचले स्तर पर

**मुंबई (भाषा)।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 88.79 (अस्थायी) के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और जोखिम से बचने की धारणा में वृद्धि के कारण रुपये में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि के भारत के आईटी सेवा निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर निवेशकों की चिंता के कारण रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर के आसपास मंडरा रहा है।

# बिश्नोई गैंग आतंकी संगठन घोषित

## कनाडा सरकार ने किया ऐलान, जब्त होंगी संपत्तियां

■ एनएसए अजीत डोभाल और कनाडा की एनएसए नताली ड्रोइन के बीच नई दिल्ली में व्यापक वार्ता के एक सप्ताह बाद लिया गया फैसला



फाइल फोटो

**ओटावा (भाषा)।** कनाडा ने सोमवार को कहा कि उसने 'भय का माहौल' पैदा करने के कारण बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन की सूची में डाल दिया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, हिंसा और आतंकी कृत्यों के लिए कनाडा में कोई जगह नहीं है, खासकर उन कृत्यों के लिए जिनमें भय का माहौल पैदा करने के लिए विशिष्ट समुदायों को निशाना बनाया जाता है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और कनाडा की उनकी समकक्ष नताली ड्रोइन के बीच नई दिल्ली में व्यापक वार्ता के एक सप्ताह से अधिक समय बाद यह फैसला लिया गया। दोनों पक्षों ने वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत करने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर सहमति व्यक्त की थी, जिसमें आतंकवाद व अंतरराष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिए मिलकर काम करना भी शामिल है। जन सुरक्षा मंत्री गैरी आनंदसांगरी ने सोमवार को कहा, बिश्नोई गिरोह ने विशिष्ट समुदायों को निशाना बनाकर आतंक फैलाया, हिंसा की और धमकी दी। इस समूह को आतंकी घोषित करने से हमें उनके अपराधों से निपटने और उन्हें रोकने का अवसर मिलेगा। बिश्नोई गिरोह को इस सूची में शामिल करने के साथ ही अब कनाडा में आपराधिक संहिता के तहत सूचीबद्ध समूहों की संख्या 88 हो गई है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आतंकी सूची में शामिल करने से संघीय सरकार को संपत्ति, वाहन और धन पर रोक लगाने या जब्त करने की शक्ति मिल गई है। साथ ही कनाडाई कानून प्रवर्तन को आतंकवाद के वित्तपोषण व भर्ती के संबंध में मुकदमा चलाने के लिए अतिरिक्त कारण मिल गए है। कनाडा में या विदेश में रहने वाले किसी भी कनाडाई नागरिक के लिए जानबूझकर किसी आतंकी समूह के स्वामित्व वाली या उसके नियंत्रण वाली संपत्ति का लेन-देन करना एक अपराध है।

बयान में कहा गया है कि उनकी कनाडा में मौजूदगी है और वे उन इलाकों में सक्रिय है जहां प्रवासी समुदाय बड़ी संख्या में है। कनाडा पुलिस ने कुछ जबरन वसूली के मामलों को इस गिरोह से जोड़ा है। समूह का सरगना भारत की जेल में है। बयान में कहा गया है, बिश्नोई गिरोह हत्या, गोलीबारी और आगजनी के मामलों में लिप्त है और जबरन वसूली व धमकी के जरिए आतंक फैलाता है। वे प्रवासी समुदाय के सदस्यों, व्यवसायों और सांस्कृतिक हस्तियों को निशाना बनाकर उनके बीच असुरक्षा का माहौल बनाते हैं।

बयान में कहा गया है, बिश्नोई गिरोह को सूचीबद्ध करने से कनाडाई सुरक्षा, खुफिया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उसके अपराधों से निपटने और समुदायों की सुरक्षा में मदद मिलेगी। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीव्रे ने पिछले महीने संघीय सरकार से बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करने का अनुरोध किया था। जून में, ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड एबी ने संघीय सरकार से इस गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करने का अनुरोध किया था।

### कौन है बिश्नोई गैंग

लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व वाला बिश्नोई गिरोह एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठन है जो मुख्य रूप भारत में सक्रिय है। इस गैंग को प्रतिबंधित सूची में शामिल करने के साथ कनाडा में ऐसे समूहों की संख्या 88 हो गई है।

### करूर भगदड़ मामले की एफआईआर में खुलासा

## वाहन के अंदर ही देर तक रहे विजय, बढ़ी भीड़ की बेताबी



**करूर (भाषा)।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के अध्यक्ष अभिनेता-नेता विजय, 27 सितंबर को वेलुसामीपुरम में अपने प्रचार वाहन के अंदर काफी देर तक रुके रहे, जिससे उनकी रैली में शामिल होने के लिए जुटी भीड़ और उसकी बेताबी बढने से भगदड़ की घटना हुई। घटना को लेकर दर्ज की गयी प्राथमिकी में ये कहा गया है। भगदड़ में कम से कम 41 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए।

■ टीवीके के तीन पदाधिकारियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

टीवीके के एक सूत्र ने बताया कि पुलिस ने संवेदनशील कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण विजय से कहा है कि वह भगदड़ के पीड़ितों से मिलने सरकारी अस्पताल न जाएं। पुलिस ने अभिनेता के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया है, लेकिन भगदड़ के संबंध में टीवीके के तीन प्रमुख पदाधिकारियों-करूर उत्तर के जिला सचिव मथियाझागन, पार्टी के प्रदेश महासचिव बुस्सी आनंद और टीवीके के उप महासचिव निर्मल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सोमवार को भी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरूणा जगदीशन की अध्यक्षता वाली जांच समिति ने विजय की रैली के दौरान हुई भगदड़ की जांच जारी रखी। न्यायाधीश ने सरकारी अस्पताल में मरीज़ों से बातचीत की और बाद में कहा कि जांच पूरी होने के बाद वह सरकार को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगी। अस्पताल में घायल 60 वर्षीय महिला की मौत के साथ भगदड़ में मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर 41 हो गई। तीनों पार्टी पदाधिकारियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 125 (दूसरों के जीवन को खतरे में डालना) और 223 (आदेश की अवज्ञा) के साथ-साथ तमिलनाडु सार्वजनिक संपत्ति (क्षति और हानि निवारण) अधिनियम, 1992 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# एनसीआरबी रिपोर्ट पर प्रदेश में 'सियासी बवंडर'..


# हकीकतः 2023 में 11 महीने रही कांग्रेस सरकार!

## नई रिपोर्ट के अनुसार 2023 में दुष्कर्म मामलों में नम्बर-1 हुआ राजस्थान

### भाजपा ने बताया कांग्रेस की नाकामी का चार्जशीट, इस साल हुए 5,193 दुष्कर्म, महिलाओं पर अपराधों का आंकड़ा 44,850

जयपुर

**जयपुर।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2023 की रिपोर्ट ने राजस्थान को शर्मसार कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले पूरे देश में सबसे ज़्यादा राजस्थान से दर्ज हुए। दुष्कर्म के कुल 29,670 मामलों में अकेले राजस्थान से 5,193 केस सामने आए। महिलाओं के खिलाफ कुल 44,850 अपराध दर्ज कर राज्य को देशभर में तीसरे पायदान पर ला खड़ा किया। लेकिन, इस रिपोर्ट की सच्चाई यह है कि इसमें शामिल आंकड़े पूरे साल 2023 के हैं। जनवरी से लेकर नवंबर तक कांग्रेस की सरकार सत्ता में रही और उसी दौरान अधिकांश अपराध हुए। भाजपा के भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ तो 12 दिसंबर 2023 को ली, यानी एनसीआरबी की यह रिपोर्ट कांग्रेस शासनकाल का ही आईना है। भाजपा के नेताओं का कहना है कि कांग्रेस ने कानून-व्यवस्था को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया था और अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए थे कि राजस्थान महिलाओं के खिलाफ अपराधों का गढ़ बन गया। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस के शासन में अपराध नियंत्रण की कोई ठोस नीति नहीं थी। रिपोर्ट में दर्ज अपराध इस बात का सबूत हैं कि कांग्रेस ने पूरे पांच साल कानून-व्यवस्था पर ध्यान ही नहीं दिया। वहीं भाजपा सरकार ने सत्ता संभालते ही महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यभार संभालते ही महिला सुरक्षा पर सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए और पुलिस को स्पष्ट कर दिया अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।




### भाजपा नेताओं ने एनसीआरबी रिपोर्ट को बताया कांग्रेस की हकीकत का आईना

भाजपा का दावा है कि अब हालात बदलेंगे। भाजपा सरकार ने रात के समय गश्त बढ़ाने, सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करने, महिला हेल्पलाइन को और मजबूत करने और महिला पुलिस की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई है। इसके साथ ही अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई कर उन्हें कड़ी सजा दिलाने का अभियान शुरू हो गया है। भाजपा नेताओं ने साफ कहा है कि यह रिपोर्ट कांग्रेस की नाकामियों का दस्तावेज है। कांग्रेस सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सिर्फ खोखले दावे किए, जबकि भाजपा सरकार ने आते ही कठोर कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। भाजपा ने जनता को भरोसा दिलाया है कि आने वाले वर्षों में राजस्थान को महिला सुरक्षा के मामले में आदर्श राज्य बनाया जाएगा।

### इधर, महिला संगठनों ने की आवाज बुलंद, नई व्यवस्थाओं की उठाई मांग

महिला सुरक्षा मंच और कई सामाजिक संगठनों ने कहा है कि महिलाएं आज भी डर के साये में जी रही हैं। उन्होंने मांग की है कि रात के समय पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, बसों और सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था की जाए, युवतियों और छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग और जागरूकता अभियान चलाए जाएं और अपराधियों के खिलाफ फास्ट-ट्रैक अदालतों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो। भाजपा नेताओं का कहना है कि पांच साल के शासन में कांग्रेस ने अपराधियों के हौसले बुलंद कर दिए। एनसीआरबी की रिपोर्ट कांग्रेस की नाकामी का आईना है। कांग्रेस सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को गंभीरता से कभी नहीं लिया और सिर्फ खोखले वादे करती रही। अपराधियों को खुली छूट देने का नतीजा है कि राजस्थान महिलाओं के खिलाफ अपराधों में देश में सबसे ऊपर पहुंच गया। भाजपा सरकार ने सत्ता संभालते ही साफ कर दिया कि महिला सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस प्रशासन को अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

### एनसीआरबी की 2023 की, इस साल 11 महीने रही कांग्रेस की सरकार

देशभर में 2023 में महिलाओं पर कुल 4 लाख 48 हजार 211 अपराध दर्ज हुए, जो पिछले दस साल में सबसे ज्यादा हैं। इनमें से राजस्थान में 44 हजार 850 मामले सामने आए। दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान पूरे देश में सबसे ऊपर रहा। पूरे देश में दर्ज 29 हजार 670 बलात्कार के मामलों में से अकेले 5 हजार 193 केस राजस्थान से जुड़े हैं। रिपोर्ट का आंकड़ा पूरे साल 2023 का है। जनवरी से नवंबर तक प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, जबकि 12 दिसंबर 2023 को भजनलाल शर्मा ने भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ऐसे में यह साफ है कि रिपोर्ट में सामने आए अधिकांश अपराध कांग्रेस शासनकाल की देन हैं। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस ने पांच साल में कानून व्यवस्था को पूरी तरह ढीला कर दिया, जबकि भाजपा ने सत्ता संभालते ही महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

# वेडिंग कलेक्शन शोरूम का हुआ उद्घाटन

द डेस्प्रिंग



**सुजानगढ़।** सुजानगढ़ के लाडनूं बस स्टैंड पर सीटी प्लाजा में टेक्सटाइल क्लॉथ और वेडिंग स्पेशल कलेक्शन के शोरूम का उद्घाटन सभापति नीलोफर गौरी व शहर काजी अकरम रिजवी ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर शहर काजी अकरम रिजवी ने कहा कि लड़कों के लिये यहाँ पर वेडिंग का अच्छा कलेक्शन है, साथ ही रेट भी वाजिब है, इससे आमजन को फायदा मिलेगा।वही सभापति नीलोफर गौरी ने कहा कि ऐसे शोरूम की सुजानगढ़ वासियों को जरूरत थी,इसमें वेडिंग के अलावा युवाओं के लिए अच्छी ड्रेस मेटेरियल है। शोरूम के प्रोपराइटर आसिफ खान ने बताया कि उनके शोरूम में सभी तरह के उच्च क्वालिटी के टेक्सटाइल क्लॉथ, सूट, शेरवानी, कुर्ता पायजामा हर समय उपलब्ध रहेंगे। साथ ही मनचाही डिजाइन में कपड़े सिलवाने के लिए डिजाइनर और टेलर की व्यवस्था भी रहेगी। उद्घाटन कार्यक्रम में पार्षद इकबाल खान, अमजद खान, आसिफ नासवन, महताब खान, आरिफ खान हासमखानी, तारिक अजीज शामिल हुए। मेहमानों का स्वागत आसिफ खान, साहिल खान टाक, आरिफ खान, मोनिश खान,रमजान खान ने किया।

# अर्पिता बनी एक दिन के लिए प्रतीकात्मक प्रभारी निरीक्षक अनपरा

सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक



सोनभद्र थाना अनपरा में आज दिनांक 30/09/25 को महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज 0.5 के तहत डीएवी इंटर कॉलेज ककरी अनपरा की कक्षा 12 की छात्रा अर्पिता को थाना अनपरा जनपद सोनभद्र का एक दिन का प्रतीकात्मक थाना प्रभारी बनाया गया फरियादियों के फरियाद सुनते हुई। और मामले को समझ कर न्याय दिलाने का भरोसा दिया । मिशन शक्ति 0.5 व थाने के विषय में जानकारी दी गई ।

# वीर तेजाजी महाराज व राला बाबा की मूर्ति स्थापना हुई



द डेस्प्रिंग

**निवाई/अशोक लांगडी।** उपखंड के ग्राम नोहटा में संत श्री शंकर गिरी महाराज के सानिध्य में वीर तेजाजी महाराज व लोक देवता राला बाबा की मूर्ति स्थापना की गई। संत शंकर गिरी महाराज ने लोकदेवताओं की मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान ममता चौधरी जिला परिषद् सदस्य टोंक, पंडित विनोद शास्त्री, एडवोकेट रामजीलाल जाट, हरिराम किवाडा, गेंदीलाल चौधरी पूर्व सरपंच, मुरली किवाडा, रामलाल चौधरी, रामप्रसाद जाट, श्योजी राम , रामचंद्र, पूरण सिंह, हरिनारायण गोडला सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे

# राजस्थान शिक्षक संघ(सियाराम) उपशाखा सुजानगढ़ व बीदासर के चुनाव 5 अक्टूबर को

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) उपशाखा सुजानगढ़ व बीदासर के वार्षिक चुनाव आगामी 5अक्टूबर को होंगे।प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी ने बताया कि सुजानगढ़ उपशाखा के वार्षिक चुनाव साधारण सभा की बैठक में आगामी 5अक्टूबर रविवार को सुजानगढ़ के राजकीय पी. सी. बी. उ. मा.विद्यालय में होंगे।सुजानगढ़ उपशाखा के चुनाव प्रभारी चैनप्रकाश प्रजापत व पर्यवेक्षक प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी होंगे।बीदासर उपशाखा के चुनाव खूबचंद बांठिया रा. उ. मा. वि.बीदासर पर चुनाव प्रभारी श्रीमती रेखा कुलदीप व पर्यवेक्षक प्रदेश पदाधिकारी महावीर प्रसाद प्रजापत के निर्देशन में संपन्न होंगे।साधारण सभा की बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों और शिक्षको की विभिन्न समस्याओं पर चिंतन मनन किया जाएगा।

# प्रदूषण विभाग के अधिकारियों के नकारेपन के कारण भयंकर प्रदूषण फैलने से जनता का सांस लेना हुआ दुर्लभ

## काशीमोड औडीमोड़ बस पकड़ने के सड़क किनारे खड़ा होना यात्रियों को को प्रदूषण फैलने से हो रही है कठिनाई का सामना

### लैंको ने भी साफ सफ़ाई अभियान को दो वर्षो से बंद कर दिया है

सोनभद्र थाना अनपरा परिक्षेत्र में डिबुलगंज से औडीमोड़ तक सड़क मार्ग के किनारे काशीमोड बस स्टैंड पर रोडवेज बस पकड़ने के लिए रेणुसागर अनपरा बाजार, कॉलोनी आसपास के क्षेत्रों से स्टैंड पर रात हो या दिन फ्लाई ऐश राख गाड़ियों के परिवहन से राख धूल उड़ने से भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैं । सोनभद्र जिले के प्रदूषण अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लापरवाही और जानबूझकर अनदेखी करने से जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सोनभद्र को जनता के गंभीर समस्याओं का निस्तारण करने में विफल हैं। जबकि स्थानीय प्रदूषण कि समस्याओं को निरन्तर जनता शिकायत मौखिक रूप से करती हैं लेकिन अधिकारी निजी लाभ के कारण फ्लाई ऐश राख गाड़ियों के परिवहन से सड़क पर गिला राख गाड़ियों से गिरने से वही सुख कर धूल में तब्दील होने से गाड़ियों के आवागमन के कारण उड़ने के कारण जनता को जो रोडवेज बस पकड़ने के लिए काशीमोड, औडीमोड़ पहुंचते है उन्हें प्रदूषण की मार झेलनी पड़ रही हैं। भयंकर प्रदूषण फैल रहा हैं कुछ वर्ष पूर्व डीबुलगंज से काशीमोड औडीमोड़ तक साफ सफ़ाई का कार्य करती थी उस कंपनी के द्वारा वर्तमान कुछ वर्षों से साफ सफ़ाई नहीं करा रही हैं, इतना ही नहीं सड़क पटरियों के गड्ढों को भी पाटने का कार्य करती थी वर्तमान समय में नहीं कर रहा हैं।बिजली कम्पनियां के फ्लाई ऐश राख परिवहन से उड़ने वाले राख से प्रदूषण फैलने से जनता त्रस्त हैं। शक्तिकेन्द्र (Power Station) के क्षेत्र में पर्यावरण प्रदूषण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इन केन्द्रों से निकलने वाले धुएं (वायु प्रदूषण) और ध्वनि (ध्वनि प्रदूषण) का स्थानीय वायु गुणवत्ता, मनुष्यों और जानवरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसके अलावा, थर्मल पावर प्लांटों से निकलने वाली राख (fly ash) और अन्य ठोस कचरा भी भूमि और जल प्रदूषण का कारण बन सकता है। इस समस्या से निपटने के लिए, राख प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था, उत्सर्जन नियंत्रण तकनीकों का उपयोग, स्वच्छ ऊर्जा विकल्पों को अपनाना और ध्वनि प्रदूषण कम करने के उपाय करना ज़रूरी है।

### शक्तिकेन्द्रों से होने वाले प्रमुख प्रदूषण-

**वायु प्रदूषण** – पॉवर स्टेशनों की चिमनियों से निकलने वाला धुआं, जिसमें सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें होती हैं, वायुमंडल को प्रदूषित करता है। यह अम्लीय वर्षा का कारण भी बनता है, जिससे फसलें, भवन और ऐतिहासिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो सकती हैं।

**ध्वनि प्रदूषण** – मशीनों और जेनरेटरों के शोर से ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है, जिससे सुनने की शक्ति कमजोर हो सकती है और मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है।

**भूमि और जल प्रदूषण** – कोयला या अन्य जीवाश्म ईंधन जलाने से निकलने वाली राख और औद्योगिक अपशिष्ट जल निकायों और भूमि को प्रदूषित कर सकते हैं।

### प्रदूषण को कम करने के उपाय-

**न्यूनतम उत्सर्जन तकनीकें** – पॉवर स्टेशनों में चिमनियों से निकलने वाले हानिकारक गैसों और कणों को कम करने के लिए बेहतर प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का उपयोग करें।
**स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग**– जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करें और सौर, पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दें।
**राख प्रबंधन** – पॉवर प्लांट की राख का सुरक्षित तरीके से प्रबंधन करें ताकि यह भूमि और जल स्रोतों को प्रदूषित न करे।
**ध्वनि नियंत्रण** – मशीनों और अन्य उपकरणों के शोर को कम करने के लिए ध्वनि-अवशोषक सामग्री का उपयोग करें और संयंत्र के आसपास ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करें।
**सतत और जागरूक अभ्यास** – पर्यावरण संरक्षण से संबंधित शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा दें, और पौधारोपण जैसे स्थायी अभ्यासों को अपनाएं। शक्तिकेन्द्रों को पर्यावरण के लिए सुरक्षित और टिकाऊ बनाने के लिए इन उपायों पर ध्यान देना आवश्यक है।

# जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का दायित्व- बी टी निधी जिला कलक्टर

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



न्यूज़ आगामी करवा चौथ, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज सहित अन्य त्योहारों एवं पर्वो को देखते हुए जिले में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी का साझा दायित्व है। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य जब भी उनके क्षेत्र में कोई धार्मिक आयोजन, उत्सव हो ऐसे में वहां सौहार्द बनाए रखने में मददगार बनें। उन्होंने कहा कि शांति समिति में युवाओं को सदस्य बनाया जाएं। कानून व्यवस्था के साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन को देखते हुए क्षेत्र में आमजन को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी पैदा नहीं हो इसके लिए समिति के सदस्य नजर रखें तथा उसकी जानकारी प्रशासन को दें। पुलिस आगामी त्योहारों एवं पर्वो को देखते हुए पूर्णतः सतर्क एवं चौकन्ना रहेगी। उन्होंने कहा कि यद्यपि जिला साम्प्रदायिक दृष्टि से शांतिपूर्ण इतिहास रखता है, पुलिस एवं प्रशासन कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए कड़ी नजर बनाए रखेगा। धर्म गुरू आस्था के केन्द्रों पर गंदगी ना फैलाने के लिए श्रद्धालुओं को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में दीपावली से पूर्व सम्पूर्ण साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही सड़कों में बरसात के जलभराव से हुए गढढों का भराव किया जाना सुनिश्चित करें एवं जिन क्षेत्रों की स्ट्रीट लाइट बंद है उनको शीघ्रता शीघ्र चालू किया जाए। किसी प्रकार की कोई अफवाह सोशल मीडिया या अन्य किसी प्लेटफॉर्म से प्राप्त होने पर इसकी जानकारी कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 05642-220033 पर दें। जिससे मामला प्रशासन के संज्ञान में आ सकें। इसी प्रकार ग्रामीणों क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरस्त किया जाना सुनिश्चित करें। शांति समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर अमल किया जाए। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि धार्मिक आयोजन के दौरान कोई भी व्यक्ति साम्प्रादायिक सदभावना को ठेस पहुंचाने का कार्य करता है तो उसकी जानकारी पुलिस तक पहुंचाएं। कानून पर विश्वास करें। कोई भी व्यक्ति या संस्था इंटरनेट तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद, जातिगत द्वेष या दुष्प्रचार नहीं करें। शांति समिति सदस्य जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाए और किसी भी प्रकार का धार्मिक उन्माद ना फैलने दें। सभी धार्मिक आयोजन के दौरान पर्याप्त पुलिस जाप्ता मौजूद रहेगा। हर्षोल्लास के साथ अपने-अपने त्यौहार मनाएं। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा महोत्सव परवान पर बड़ी संख्या में उमड़ रहे श्रद्धालु

## आकर्षक झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

द डेस्प्रिंग



**सुजानगढ़।** नगर में इन दिनों दुर्गा पूजा महोत्सव पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। जगह-जगह सजे पंडालों में माँ दुर्गा की भव्य प्रतिमाओं के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। भोजलाई चौराहे पर स्थित राव बीदाजी संस्थान एवं नवदुर्गा समिति द्वारा सजाए गए दुर्गा पंडाल में विशेष रौनक देखने को मिल रही है।संस्थान के अमरसिंह भाटी ने बताया कि मंगलवार को महोत्सव के मुख्य अतिथि सालासर बालाजी मंदिर के पुजारी रामबिहारी पुजारी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।गौरतलब है कि पिछले 14 वर्षो से राव बीदाजी संस्थान एवं नवदुर्गा समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर दस दिवसीय दुर्गा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रकार की भव्य झांकियां सजाई जाती हैं, जिनमें धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संदेश भी समाहित रहते हैं। झांकियों को देखने और माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के लिए आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं।कार्यक्रमों के तहत देर रात तक डांडिया और गरबा की प्रस्तुतियां माहौल को और भी भक्तिमय एवं उल्लासपूर्ण बना देती हैं। महोत्सव में शामिल होने वाले लोगों के बीच धार्मिक सद्भाव और सामूहिक उत्साह का दृश्य देखते ही बनता है।इस दौरान रामसिंह भाटी, महेंद्र सिंह भाटी, गुलरिया सरपंच करणीसिंह राठौड़ सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# छात्रा तनु जायसवाल बनी एक दिन के लिए प्रतीकात्मक पिपरी क्षेत्राधिकारी

सोनभद्र द डेस्प्रिंग हिंदी दैनिक



सोनभद्र थाना पिपरी परिक्षेत्र में स्थित सीओ पिपरी कार्यालय में ग्रीनलैंड स्कूल खाड़ पाथर,थाना पिपरी मे कक्ष12 में पढ़ने वाली बच्ची तनु जायसवाल ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिन के लिए क्षेत्राधिकारी पिपरी का पदभार संभाला। प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार को ÷मिशन शक्ति - नारी सशक्तिकरण÷ अभियान के अंतर्गत बालिका कक्षा 12वीं की छात्रा तनु जायसवाल क्षेत्राधिकारी पिपरी नियुक्त किया गया। छात्रा जायसवाल का कार्यभार संभालते हुए जब कार्यालय पर पहुंची तो क्षेत्राधिकारी अमित कुमार ने स्वागत किया। छात्रा जायसवाल ने क्षेत्राधिकारी की कुर्सी पर बैठने के बाद लोगो की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उनके आत्मविश्वास, संवाद शैली तथा समस्याओं की गंभीरता को समझते हुए समाधान प्रस्तुत करने की क्षमता की सभी उपस्थित जनों द्वारा सराहना की गई। इस दौरान सी ओ कार्यालय स्टाफ, स्थानीय शिक्षकगण, महिला हेल्प डेस्क की प्रतिनिधि एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। क्षेत्राधिकारी पिपरी द्वारा यह प्रयास ÷बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ÷ एवं ÷मिशन शक्ति÷ जैसी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया, जिससे वह आने वाले समय में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभा सकें।

# वरिष्ठ अधिकारियों ने जिला कारागार गुरमा का निरीक्षण किया

सोनभद्र द डेस्प्रिंग




सोनभद्र थाना चोपन परिक्षेत्र में स्थित गुरमा में जिला जेल में आज दिनांक 30.09.2025 को सोनभद्र के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिला कारागार, गुरमा सोनभद्र का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में निम्न अधिकारियों की उपस्थिति रही

जिलाधिकारी, जिला जज, सोनभद्र, पुलिस अधीक्षक, सोनभद्र,मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO), सोनभद्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (CJM), सोनभद्र निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं, बंदियों की आवासीय स्थिति तथा विधिक सहायता से जुड़ी सुविधाओं का गहनता से मूल्यांकन किया।इस अवसर पर अधिकारियों ने कारागार प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिसमें विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर बल दिया गया।बंदियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए। त्योहारों के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। विचाराधीन बंदियों को समय पर न्यायिक प्रक्रिया उपलब्ध कराई जाए। निरीक्षण के उपरांत सभी अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया तथा कारागार प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के अधिकारों का सम्मान करते हुए उन्हें एक सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जाए।

# श्यालावास जेल में डीआईजी मोनिका अग्रवाल का औचक निरीक्षण

## बंदियों की समस्याएँ सुनीं, सुरक्षा इंतज़ामों की पड़ताल की

द डेस्प्रिंग



**मनोज खंडेलवाल दौसा।** 1 अक्टूबर। श्यालावास स्थित विशिष्ट केंद्रीय कारागृह बुधवार को उस समय चहल-पहल से भर गया जब उप महानिरीक्षक कारागार मोनिका अग्रवाल अचानक निरीक्षण पर पहुँचीं। जेल परिसर में प्रवेश करते ही मुख्य प्रहरी वीरेंद्र भाटी के नेतृत्व में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने सीधे जेल की व्यवस्था और सुरक्षा तैयारियों का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किचन, डिस्पेंसरी, जेल फैक्ट्री, मुलाक़ात व्यवस्था, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम, पिक्स सिस्टम, अलार्म सिस्टम और हाई सिक्योरिटी वार्ड का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने जेल परिसर में मोबाइल नेटवर्क को बाधित करने के लिए प्रस्तावित हार्मोनियस कॉल ब्लॉकिंग सिस्टम लगाने की जगह का मुआयना किया और इसे जल्द कारगर रूप में लागू करने पर ज़ोर दिया। साथ ही विदेशी नागरिकों के लिए बन रहे नये डिटेंशन सेंटर के निर्माण स्थल का निरीक्षण कर जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ से उसकी रूपरेखा पर चर्चा की।
डीआईजी अग्रवाल ने बंदियों के लिए हेल्प डेस्क रजिस्टर का शुभारंभ किया, जिसमें अब उनकी समस्याओं का विधिवत उल्लेख और समाधान दर्ज किया जाएगा। उन्होंने बंदियों की परेड लेकर सीधे उनकी बातें सुनीं और समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित करने का भरोसा दिलाया। स्टाफ की संपर्क सभा में उन्होंने जेल कर्मियों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और अनुशासन एवं पारदर्शिता को सर्वोपरि बताया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित कुमार सैनी, जेलर विकास बागोरिया, डिप्टी जेलर दिलावर ख़ान, आरएसी प्लाटून कमांडर मनेश कुमार, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी टीकमचंद चौहान, सहायक लेखाधिकारी रतिराम मीणा, अभयेन्द्र कुमार सहित समस्त जेल स्टाफ मौजूद रहा।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा का जन्मदिन महिलाओं और बालिकाओं के बीच केक काट कर मनाया

द डेस्प्रिंग





**आबूरोड सिरोही।** नगर पालिका के पूर्व पार्षद एवं सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव दिनेश मेघवाल ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिन पर कांग्रेस जनप्रतिनिधियों सेवादल कांग्रेस नगर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की ओर से सयुक्त आयोजन नगर पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष जेपी सिंह और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमित जोशी के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय कच्ची बस्ती क्षेत्र गांधीनगर में किया गया जहां पर छोटी-छोटी बालिकाओं के बीच के कटवाकर उनको भोजन कराया गया इस अवसर पर महिला कांग्रेस की हस्तू मीणा पूर्व पार्षद चम्पा मीणा की अगुवाई में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया इस अवसर पर सेवादल कांग्रेस के अध्यक्ष जसाराम मेघवाल, सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव एवं पूर्व पार्षद दिनेश मेघवाल, देवीलाल भाटी, खड़ात महिला सहकारी समिति के अध्यक्ष कांतादेवी भोपाल सिंह पुरोहित, वीरेन पटेल अमित जोशी जेपी सिंह आदि ने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि डोटासरा ने सदैव आम ओर छोटे छोटे कार्यकर्ताओं को आगे लाने का कार्य किया हे इस अवसर पर नगर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद असलम ग्राम सेवा सहकारी समिति के मोरथला के अध्यक्ष तेज सिंह देवड़ा, जीएसएस गणका सहकारी समिति के अध्यक्ष अब्दुल मुबारक सैनी समाज आबूरोड के अध्यक्ष राजेंद्र सैनी गजेंद्र काग सचिव लक्ष्मीकांत चौहान नारायण परिहार सुखदेव भूभूतमल दलपत प्रजापत नगर पालिका पार्षद सुमित जोशी, अंजलि जोशी, सुनील खोत, राहुल बारोट, यूथ कांग्रेस के निखिल जोशी सहित सैकड़ो कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पालिकाध्यक्ष ने स्वर्गवाहन का खर्चा उठाने का लिया निर्णय

## पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह का आभार व्यक्त किया है।

द डेस्प्रिंग



**सितारगंज/ दीपक भारद्वाज ।** नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले लोगों के परिजनों का निधन होने पर उनकी शव यात्रा के लिए स्वर्गवाहन का सारा खर्चा पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह ने उठाने का निर्णय लिया है। बुधवार को पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह ने मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष सुरेश जैन को पत्र लिखकर कहा कि उनके पालिका क्षेत्रांतर्गत किसी भी परिवार के परिजनों का निधन होता है। तो उनके शव को मुक्तिधाम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उनकी होगी। परिजनों के स्वर्ग वाहन की मांग पर वह वाहन के डीजल, चालक और रख-रखाव का सारा खर्चा वह खुद वाहन करेंगे। उनके परिवार से कोई पैसा नहीं लिया जाएगा। वहीं, इस पर मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष सुरेश जैन, महामंत्री भीमसेन गर्ग, महेश मित्तल समेत समिति के पदाधिकारियों ने स्वर्ग वाहन उपलब्ध कराने के लिए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और उसका खर्चा वाहन करने के लिए पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह का आभार व्यक्त किया है। बतातें चले कि मुक्तिधाम समिति ने स्वर्गवाहन के लिए किराया तय किया था। वहीं, पूर्व पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे ने अधिक किराया तय करने को लेकर आपत्ति जताई थी।

# धौलपुर जिले में नव दुर्गा के नौ स्वरूपों का नवमी को हुआ पूजन महिलाओं ने उपवास खोला

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

**धौलपुर ।** शहर में नवरात्रि पर्व पर मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही हिंदुओं का पर्व नवरात्रि नवदुर्गा प्रारम्भ हुआ था। नवरात्रि के अन्तिम दिन नवमी को नवदुर्गा के नौ स्वरूपों का विधि विधान से मंदिरों एवं घर घर पूजन किया गया एव महिलाओं ने नवरात्रि नवदुर्गा के व्रत को पूर्ण किया अपना उपवास को खोल कर नवरात्रि पर्व को पूर्ण किया। शहर के कैलादेवी झोरवाली माता, कार्ट कैंपस स्थित मां संतोषी मन्दिर, मोहल्ला गडरपुरा स्थित बूढ़ी माता मंदिर, काली



माई मंदिर, शेरगढ़ किले पर स्थित महाकाली मंदिर, सेपाऊं रोड स्थित गायत्री मंदिर,चोपड़ा स्थित मां बगुलामुखी मंदिर, धूलकोट में स्थित महामाया मंदिर, बस स्टैंड पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर जगदीश तिराहे पर स्थित केलादेवी मंदिर, संतर रोड स्थित अम्मा लोगों का मंदिर, तीर्थराज मचुकुंड रोड स्थित मंगल भारती,श्री चित्रगुप्त मन्दिर पुराना शहर, चुरामन की बगिया



कायस्थ पाड़ामंदिर, नरसिंह बाग स्थित यज्ञशाला मन्दिर एवं घर घर में प्रारंभ हुए दुर्गा सप्तशती पाठ के 700 सौ मंत्रों से हवन कराया गया एवं कन्या पूजन किया गया और कन्याओं को भोजन करा कर दक्षिणा प्रदान की गई। मंदिरों पर विधि विधान से आचार्यों ने मंत्रोच्चार, दीप पूजन, पूजा अर्चना कर मां दुर्गा नौ दिन तक चलने वाली नवरात्रि पर्व पर रोजाना मन्दिरों में दुर्गा सप्तशती का नियमित वाचन किया गया।प्रत्येक हिंदू परिवारो में पूजा अर्चना की गई।। मन्दिरों में श्रद्धालुओं का सुबह से ही ताता लगा हुआ है। भक्त गण मा भगवती राजराजेश्वरी दुर्गा माता से देश और देशवासियों के सुख एवं समृद्धि, शांति सौहार्द की कामना कर रहे है। मन्दिरों के आचार्यों ने बताया कि सभी मन्दिरों में नियमित पूजा अर्चना मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर रोजाना नौ दिनों तक दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया है तथा नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को हवन, कन्या पूजन के साथ ही जगह जगह भंडारों का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष पर निकलेगा पंथ संचलन आज

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत देश में आपात स्थिति, आपदाओं, किसी भी परस्थितियों में सहयोग करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र भक्त संगठन है। देश में करोड़ों स्वयंसेवकों द्वारा विजय दशमी पर पथ संचलन निकला जाता है ।02 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जन्म दिवस है एवं आज के दिन 100 वर्ष सेवा काल के संघ ने पूर्ण कर आगे की पथ यात्रा पर निरन्तर चलता रहेगा। इस अवसर पर धौलपुर शहर में 02 को पथ संचलन निकलेगा। जिसमें सभी स्वयंसेवक भाग लेंगे। पथ संचलन प्रातः 08 बजे भार्गव वाटिका से प्रारंभ हो कर पेलेश रोड, चूड़ी मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, नृसिंह रोड, बजरिया, गडरपुरा तिराया, पुराना डाक खाना, लाल बाजार, हनुमान तिराया, हलवाई खाना, निहाल गंज पुलिस चौकीके सामने, सराय गजरा, जगन तिराया, हरदेव नगर, विवेकानंद स्कूल, तलैया, राधा विहारी मंदिर के सामने होते हुए भार्गव वाटिका पर सम्पन्न होगा।

## गौतमचन्द बाफना बने पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

द डेस्प्रिंग



**पाली ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील पारीक ने जिला कांग्रेस कमेटी पाली के पूर्व सचिव पर्यावरण प्रेमी गौतमचन्द बाफना को पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के पाली जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदनसिंह जागरवाल ने बताया कि गौतमचन्द बाफना की पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए एवम पार्टी की प्रति निष्ठा एवम लगन को देखते हुए इन्हें पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष घोपित किया गया है। गौतमचन्द बाफना के जिलाध्यक्ष बनने पर प्रकोष्ठ संगठन और अधिक सक्रिय होगा, इनके पाली जिलाध्यक्ष बनने पर पाली विधायक भीमराज भाटी, पूर्व सिरोही विधायक संयम लोढ़ा, पाली शहर ब्लॉक अध्यक्ष हकीम भाई, जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, जिला महासचिव अभिषेक चौपड़ा, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़, पूर्व जिलाध्यक्ष चुन्नीलाल चाड़वास, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी, सुमित्रा जैन, नीलम बिड़ला, महावीर कटारिया, केवलचन्द गुलेच्छा, विधायक प्रतिनिधि मदनसिंह जागरवाल सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने हर्ष व्यक्त कर गौतमचन्द बाफना को बधाई दी

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने बांटे फल

द डेस्प्रिंग



**बाड़ी/आशीष शर्मा ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जन्मदिन मनाया गया।कांग्रेस नेत्री एवं समाजसेविका रोशनी शिवहरे के नेतृत्व में बाड़ी अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए। साथ ही कांग्रेस नेत्री एवं समाजसेविका रोशनी शिवहरे ने प्रदेश अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पंजाब पहुंची रामगढ़ टीम राहत खाद्य सामग्री लेकर व रुपए

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**अलवर राजस्थान /अमित भारद्वाज रामगढ़ ।** रामगढ़ से एक कमेटी जिसका नेतृत्व ठेकेदार पूर्व सैनिक कांग्रेस नेता जयराम मीणा के साथ एक टीम पंजाब के लिए रवाना हुई रामगढ़ कस्बे आसपास के छोटे-मोटे गांव से राहत सामग्री इकट्ठी की गई जिसमें आटा गेहूं दाल अन्य व करीब 6 लख रुपए लेकर पंजाब पहुंची पंजाब मैं ऐसे गरीब लोगों को जिन लोगों का नुकसान हुआ उन लोगों को रकम दी गई सामग्री बाटी गई रामगढ़ टीम के सदस्यों का का पंजाब में गुरुद्वारा कमेटी द्वारा वह अन्य जगहों पर स्वागत किया गया सम्मान किया गया



इस अवसर पर टीम में उनके साथ रामगढ़ के युवा नेता समाजसेवी राजन सिंह सरदार इंजीनियर समीर खान भाजपा नेता गौरव सोनी राजकुमार जीतू शर्मा आदि साथी साथ रहे रामगढ़ पहुंचने पर रामगढ़ कस्बे की जनता के द्वारा उनका काली सेन चाय वाले की दुकान पर सम्मान किया गया इस अवसर पर गजेंद्र शर्मा अमित भारद्वाज विजय शेखावत लाखन शर्मा धीरज शर्मा तुलसीराम सैनी रिंपी सतीजा संदीप जैन धर्मेंद्र मीणा दीपक अग्रवाल नीरजबंसल धीरज राणावत आदि कस्बे वासियों ने स्वागत किया

## राजस्थान राज्य अन्य पिछडा वर्ग आयोग के अध्यक्ष मदनलाल भाटी नें प्रदान की विजयादशमी की शुभकामनाएं

### विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक : मदन लाल भाटी

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**जयपुर ।** विजयादशमी के अवसर पर राजस्थान राज्य अन्य पिछडा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग, राज. सरकार के अध्यक्ष न्यायाधीश माननीय श्री मदनलाल भाटी नें सम्पूर्ण प्रदेश वासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं प्रदान की। ओबीसी आयोग के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि माननीय अध्यक्ष श्री भाटी ने शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि देशभर में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाने विजयादशमी का यह विजय पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और माँ दुर्गा द्वारा महिषासुर के रूप में समाज की कुवृत्तियों के विनाश का उत्सव है। अधर्म, अन्याय एवं अत्याचार



के नकारात्मक एवं विध्वंसकारी बुराइयों पर धर्म, सत्य एवं न्याय के विजय का पर्व विजयादशमी सम्पूर्ण समाज और राष्ट्र को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य करता है। यह त्योहार हमें भगवान राम के मर्यादापूर्ण जीवन की याद दिलाता है। विजयादशमी पर्व हमें प्रेरणा देता है कि सत्य एवं सदाचार के मार्ग पर चलकर बुराई को पराजित किया जा सकता है। भगवान् श्री राम के जीवन से हमें नैतिकता और मर्यादा के पालन का संदेश मिलता है, अतः हम सभी को उनके जीवन चरित्र से सीख लेते हुए पारिवारिक एवं सामजिक जीवन में सभी जिम्मेदारियों एवं नैतिकता का निर्वहन करना चाहिए। हर्ष और उल्लास का यह पर्व दशहरा, परिजनों और स्वजनों से मिलने और प्रसन्नता पूर्वक उत्सव मनाने का हमें अवसर प्रदान करता है।राजस्थान राज्य अन्य पिछडा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग परिवार यह मंगलकामना करता है की यह त्योहार प्रदेश में शांति, सद्भाव और आपके परिवार में समृद्धि लाए यह दशहरा आपके लिए मंगलमय हो।

# कांग्रेस महिला प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा बनीं कोटा शहर की प्रभारी

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

कांग्रेस महिला कमेटी राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा की अभिशंसा पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस महिला अध्यक्ष सारिका सिंह ने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महिला उपाध्यक्ष लीना शर्मा को कोटा शहर का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। कोटा शहर प्रभारी बनने लीना शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सारिका सिंह , प्रदेश कांग्रेस



कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदुम्न सिंह उर्फ़ कप्तान बाबू, सांसद भजनलाल जाटव, राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा, धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह, बसेड़ी विधायक संजय कुमार जाटव, धौलपुर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दुर्गादत शास्त्री एवं समस्त संगठन के वरिष्ठ नेताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस महिला प्रदेश उपाध्यक्ष लीना शर्मा ने जिला एवं प्रदेश स्तर की टीम में विभिन्न पदों पर कुशलता पूर्वक कार्य किया है। धौलपुर जिले में महिला कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई है उनकी कर्मठता, ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह ने ने अहम जिम्मेदारी से नवाजा है। कोटा शहर प्रभारी बनने पर प्रदेश महिला उपाध्यक्ष लीना शर्मा ने कहा कि वह इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, समर्पण और मेहनत एवं कार्यकुशलता के साथ निभाएँगी और महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने हेतु कार्यरत रहेंगी। इनके मनोनीत होने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेश जैन, अमित मुदगल, नगर पालिका राजाखेड़ा अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह,आकाश सिंह जादौन, राजकुमार तोमर, शेखर सक्सेना, धर्मेंद्र दिनकर, पूर्व सभापति नगर परिषद धौलपुर कमल कंसाना, मूलसिंह, शिवदयाल लोधा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता ने हर्ष व्यक्त किया है।

## राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस पर एम्स गोरखपुर द्वारा रक्तवीर युवा क्लब शिवाम्बुज पटेल हुए सम्मानित

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर /संजय कुमार ।** - राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस के अवसर पर गोरखपुर जनपद के सीआईडी गोरखपुर में कार्यरत रक्तवीर युवा क्लब के रक्तवीर शिवाम्बुज पटेल को रक्तदान व सामाजिक कार्यो हेतु एम्स गोरखपुर में एम्स गोरखपुर की निदेशक सेवानिवृत्त मेजर जनरल (डॉ.) विभा दत्ता जी द्वारा सम्मानित किया गया। शिवाम्बुज पटेल ने बताया रक्तवीर युवा क्लब निरतंर कई वर्षो से जरूरतमंद लोगों को रक्त मुहैया कराने समय समय पर रक्तदान शिविर कराने,अन्नदान सेवा जैसे अन्य सामाजिक कार्य कर रही है जिसमे शहर के युवा समाजसेवी जुड़े





हुए है। शिवाम्बुज पटेल, पिछले कई वर्षो से समाजसेवा में सक्रिय हैं। उन्होंने इसका श्रेय रक्तवीर युवा क्लब के उन सभी साथियों को दिया जो दिन रात कभी भी दूसरों के सहयोग में खड़े रहते है। रक्तवीर युवा क्लब गोरखपुर द्वारा गोरखपुर जिले में पिछले 5वर्षो में 28 रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ ।गोरखपुर में 2800 से ज्यादा मरीजों को मौके पर रक्त उपलब्ध कराकर हजारों जिंदगियां बचाने का प्रयास किया व हजारों मरीज ऐसे थे जिनके परिजन ही ब्लड देना नही चाहते थे उन्हें रक्तदान के प्रति जागरूक करके उनसे रक्तदान करवाया । थैलेसीमिया के बच्चो के लिए व कैंसर के मरीजों को रक्त की कमी न हो इसके लिए समाज के हर वर्ग को रक्तदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किये। युवाओं को रक्तदान के प्रति व समाजिक कार्यो के प्रति जागरूक करने का प्रयास किये।रक्तवीर युवा क्लब के रक्तवीरो के सहयोग से हर साल ठंड में कम्बल वितरण किया जाता है।

## रानी ओम शांति ब्रह्मा कुमारीज आत्म ज्योति भवन मे नवरात्रि पर मन मोहक झांकिया

द डेस्प्रिंग न्यूज़

**नगराज वैष्णव ।** ओम शांति ब्रह्मा कुमारीज के आत्म ज्योति भवन में नवरात्रि के पावन उपलक्ष में देवियों की बहुत ही मनोरम चैतन्य झांकी सजाई गई ।जिसमें मां दुर्गा, मां लक्ष्मी ,मां सरस्वती, मां गायत्री, मां काली, भारत माता,उमा माता को दर्शाया गया इस झांकी का उद्घाटन करने थानेदार साहब आनंद सांखला ,ईओ सुदर्शन जांगू,भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश गहलोत, सादड़ी के मंडल अध्यक्ष उद्योगपति अंजनी भाई कुशल जी उपस्थित थे ।इस अवसर पर सोनू बहन ने देवियों की महिमा बताते हुए कहा कि घर में जो नारी है वह भी चैतन्य देवी ही है ,तो जैसे हम शैलपुत्री की पूजा करते हैं अर्थात अगर घर में पुत्री पैदा होती है तो हम उनका सम्मान करें पश्चाताप न करे ।देवियों के अलग-अलग रूप नारी के अलग-अलग गुणों को दर्शाते हैं। मां के नैनों में करुणा होती है परंतु हाथों में अस्त्र होता है अर्थात संसार के सर्व आत्माओं के प्रति करुणा भाव रखना है परंतु जहां बुराई आती है और गलत संस्कार आते हैं जहां नकारात्मक ताआति हैं वह शक्ति रूप होकर असुरों का अंत करती है अपने अंदर की शक्तियों को जगाने का आह्वान किया। नवरात्रि में कलश की स्थापना होती है अर्थात बुद्धि में ज्ञान कलश धारण करें जहां ज्ञान है वहां भटकना नहीं है वही सुख है शांति है रात्रि अर्थात एक कलयुग की रूपी रात्रि जहां अज्ञानता है इस अज्ञानता से जागने का अर्थ ही असली मायने में जागरण है। वृत्ति को शुद्ध करें आचरण में



दिव्यता लाए जीवन में महानता लेकर आए । थानेदार साहब ने कहा बेटियां शक्ति रूप है देवी का रूप है अवश्य हम उनका सम्मान करें ,और इस सुंदर झांकी के लिए बहुत सराहना की। हरीश जी गहलोत ने भी झांकी की सराहना करते हुए कहा यह प्रतिमा जीवंत हैं और बहुत ही सुंदर है कार्यक्रम है इस अवसर पर एसडीएम में शिवा जोशी जी ने मां की आरती उतारी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की ।इस अवसर पर महिलाओं ने गरवा किया और झांकी का सुंदर लाभ उठाया इस अवसर पर वकील मंडल अध्यक्ष विजय राजपूरोहित जी उपस्थित थे ।

## पढ़ाई खेलकूद और कला के क्षेत्र में आगे आने वाले बच्चों को दिया जाएगा सम्मान - कर्नल रामकुंवर लाल श्रीवास्तव

द डेस्प्रिंग

**गोरखपुर / संजय कुमार ।** कर्नल श्रीवास्तव ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उनके ग्राम सभा माधोपुर खुर्द में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थापित होने वाली दुर्गा प्रतिमा का आज महाआरती एवं महाप्रसाद के साथ पूजन सम्पन्न कराया गया। नवरात्रि के महापर्व में ग्रामसभा के प्रत्येक परिवार के सहयोग से पूजन हवन के साथ नौ दिन लगातार भंडारा चलता रहा। आज नवमी के दिन गांव के प्राथमिक विद्यालय के कक्षा पांच में प्रथम आने वाले दो मेधावी छात्रों क्रमशः दीपक चौहान पुत्र रामेश्वर चौहान एवं कुमारी गोल्डी पटेल पुत्री मुकेश पटेल को प्राथमिक विद्यालय सिकटौर



गोरखपुर की प्रधानाध्यापिका रंजना श्रीवास्तव ने प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। कर्नल श्रीवास्तव ने बताया कि वे इसी प्राथमिक विद्यालय के पढ़े हैं। इस विद्यालय की स्थापना हमारे बाबा स्व. रामऔतार लाल जी ने किया था और हमारी माता जी इस विद्यालय की प्रथम अध्यापिका एवं प्रधानाध्यापिका थीं। राष्ट्र गौरव फाउंडेशन के संस्थापक विजय कुमार श्रीवास्तव ने माता जी की महाआरती एवं महाप्रसाद के उपरांत हुए सम्मान समारोह में शामिल कमेटी के सभी साथियों को धन्यवाद करते हुए कहा कि नवरात्रि का महापर्व सभी को एक सूत्र में जोड़ता है। पूजन कार्यक्रम एवम सम्मान समारोह को सफल बनाने में कीनितेश श्रीवास्तव मनमोहन श्रीवास्तव अमृत पटेल बिपिन पटेल दिलीप यादव सत्या चौहान मंजेश चौहान बब्बन मिश्रा अभिषेक मिश्रा रजत श्रीवास्तव टुनटुन मिश्रा राम राज यादव राहुल पटेल गोलू गोड़ मुकुल उर्फ़ गौरव श्रीवास्तव की महती भूमिका रही।

## योग गुरु परिणीति बिश्नोई का चाड़वास में भव्य स्वागत

### 11 वर्षीय योग ट्रेनर ने देश-विदेश में बनाई पहचान


द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़ ।** जोधपुर की 11 वर्षीय योग ट्रेनर परिणीति बिश्नोई का बुधवार को चाड़वास स्थित गुलाब भवन में भव्य स्वागत किया गया। समाजसेवी भीकमचंद बैद व पुटिया राजा ने परिणीति का माल्यार्पण कर व दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया।पत्रकारों से बातचीत में परिणीति ने बताया कि वह योग का निःशुल्क प्रचार करती हैं और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि छह वर्ष की उम्र से योगाभ्यास कर



रही हैं और अब तक लाखों लोगों को योग से जोड़ चुकी हैं।परिणीति अब तक राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित कई राज्यों के मुख्यमंत्रीयों व उद्योगपतियों को योग टिप्स दे चुकी हैं। वह भारत सरकार के फिट इंडिया अभियान से भी जुड़ी हुई हैं और अंतरराष्ट्रीय योगगुरु बाबा रामदेव के साथ कई बार मंच साझा कर चुकी हैं।उन्होंने बताया कि लॉकडाउन के दौरान दादा चोखाराम से योग सीखना शुरू किया था। अब उनका लक्ष्य भारत के लिए ओलंपिक मैडल जीतना और योग को विश्व स्तर पर बढ़ावा देना है।परिणीति कई टैलेंट शो में जीत हासिल कर चुकी हैं। आने वाली 4 अक्टूबर को सोनी टीवी पर प्रसारित इंडियाज गॉट टैलेंट में भी उनका प्रदर्शन देखने को मिलेगा।स्वागत समारोह में समाजसेवी व भामाशाह भीकमचंद बैद, पुटिया राजा, पन्नालाल बैंगानी, भगवान स्वामी, गोपाल प्रजापत, राजू मंडा, बीजू प्रजापत, योगेश पांडे, भवानी शेखावत, अजय, विजय व रामूराम गोदारा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्र साधना के 100 वर्ष



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में खुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं।**

100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था,जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए,नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ये हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श...परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में खुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण,महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है....राष्ट्र प्रथम

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम् से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएंङ्घव्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं।

राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

संघ जब से अस्तित्व में आयाङ्घसंघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आजादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेनानियों को संघ संरक्षण देता रहाङ्घउनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते है, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा हैङ्घसमाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है।

प्रारंभ से संघङ्घ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना...ये हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं।

अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगायाङ्घस्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है..जो दुर्गम हैंङ्घजहाँ पहुँचना सबसे कठिन है। संघ...दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है...अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती...विद्या भारती, एकल विद्यालय...वनवासी कल्याण आश्रम...आदिवासी समाज के सशक्तिकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं।

समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियाँ हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, ये हिन्दू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। ये एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर ह्ल न हिन्दू पतितो भवेत्ह्ण की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया। वर्तमान सरसंघचालक आदरणीय मोहन भागवत जी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है।

जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड़यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ये खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है।

संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण ये संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं।

स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है। आज हमारी सामाजिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुये आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है।

अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विकसित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुनः प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। *(आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्र साधना के 100 वर्ष शीर्षक से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित आलेख)*




## संपादकीय

### मौत या हत्या

तमिलनाडु.के करूर जिले में एक रैली में भगदड़.मचने से 40 लोगों की मौत हो गई और अनेक घायल हो गए। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। मरने वालों में 10 बच्चे और 16 महिलाएं शामिल हैं। टीवीके के नेता और अभिनेता विजय ने शनिवार को तमिलनाडु के करूर जिले में रैली की थी। विजय ने भगदड़.में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और सोशल मीड़िया प्लेटफॉर्म एक्स पर घोषणा की कि हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को 20-20 लाख रुपये का मुआवजा देंगे। घायलों को भी 2 लाख देने का ऐलान किया। हादसा उस समय हुआ जब हजारों समर्थक विजय के संबोधन को सुनने के लिए इकट्ठा थे। कार्यक्रम स्थल पर भीड़.बढ़ती चली गई। इसी पुलिस ने एकाएक लाठीचार्ज कर दिया जिससे भगदड़.मच गई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना को 'गंभीर और चिंताजनक' बताया। करूर नगर पुलिस ने टीवीके के नेताओं के समेत कई लोगों के खिलाफ बीएनएस की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है। भगदड़.के कारणों को लेकर लोगों के अपने-अपने दावे हैं, और स्पष्ट नहीं है कि क्या गड़ब्रड़.हुई; क्या आयोजन स्थल का चयन गलत होने से यह सब हुआ या फिर भीड़.के बेकाबू हो जाने से। कुछ लोगों का दावा है कि सभा स्थल पर भीड़.ने अवरोधक के लिए लगाए गए टिन शेड़ को गिरा दिया और कई लोग पास की फूस की छतों पर चढ.गए जो उनका भार सहन नहीं कर सकीं और गिर गइ्र। इस बीच स्थिति को काबू में लाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया जिससे भीड़.में फंसे बच्चों समेत अन्य लोग समझ नहीं पाए कि हो क्या रहा है। बेशक, यह घटना राजनीतिक आयोजनों में सुरक्षा में चूक की कमी को उजागर करती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिएएसओपी बनाई जानी चाहिए ताकि रैलियों में किसी तरह की भगदड़.न होने पाए। लेकिन सबसे बड़ा सवाल है कि देश में पिछले कुछ समय में हुई ऐसी भगदड़ों के बाद भी सबक क्यों नहीं लिया गया? राजनीतिक आयोजनों ही नहीं, बल्कि धार्मिक स्थलों और खेल के मैदानों में भी दर्शकों की भीड़.बेतहाशा बढ़ने पर इस प्रकार के हादसे की आशंका बराबर बनी रहती है। जरूरी है कि भीड़.के कारगर प्रबंधन के लिहाज से भी बंदोबस्ती में ध्यान रखा जाए। एसओपी तैयार किया जाना तो बेहद जरूरी है।

## चिंतन-मनन

### उत्सव है बुद्धत्व

बुद्धत्व मौलिक रूप से प्रांति है, विद्रोह है, बगावत है। काशी के पंडितों की सभा प्रमाणपत्र थोड़े ही देगी बुद्ध को! बुद्धपुरुष तुम्हें पोप की पदवियों पर नहीं मिलेंगे और न शंकराचायरें की पदवियों पर मिलेंगे। क्योंकि ये तो परंपराएं हैं। और परंपरा में जो आदमी सफल होता है, वह मुर्दा हो तो ही सफल हो पाता है। परंपरा के द्वारा पद पाना सिर्फ मुर्दों के भाग्य में हैं, जीवंत लोगों के नहीं। यह सौभाग्य है जीवितों का और मुर्दों का दुर्भाग्य! इसलिए तुम कैसे पहचानोगे? और पूरी पहचान का तुम विचार ही मत करना। क्योंकि तुम पूरा पहचानोगे तो तुम बुद्ध हो जाओगे और तुम बुद्ध होते तो पहचानने की जरूरत न थी। तुम नहीं हो, इसीलिए तो पहचानने चले हो। इसलिए पूरे-पूरे का खयाल मत करना। छोटा सा टुकड़ा चांदनी का तैर आए तुम्हारे पास, तो बहुत धन्यभाग! अहोभाग! तुम उतने ही पर भरोसा करना। उस चांदनी के टुकड़े को पकड़ कर अगर बढ़ते रहे, चलते रहे, तो किसी दिन पूरे चांद के भी मालिक हो जाओगे। किसी दिन पूरा आकाश भी तुम्हारा हो जाएगा। तुम्हारा है; लेकिन अभी तुम्हें पहुंचना नहीं आया, चलना नहीं आया। अभी तुम घुटने के बल चलते हुए छोटे बच्चे की भांति हो। अभी तुम्हें चलने का अभ्यास करना है। तो संत उदास नहीं होंगे। बुद्धपुरुष उदास नहीं होंगे। जिनको तुम देखते हो मंदिरों-मस्जिदों में बैठे गुरु-गंभीर लोग, लंबे चेहरों वाले लोग, बुद्धपुरुष वैसे नहीं होंगे। बुद्धपुरुष तो उत्सव है। बुद्धपुरुष तो ऐसा है जिसमें अस्तित्व के कमल खिल गए। बुद्धपुरुष गंभीर नहीं। बुद्धपुरुष के पास तो मृदुहास मिलेगा। हल्की-हल्की हंसी। एक मुस्कुराहट। एक स्मित। एक उत्सव। एक आनंदभाव। तो तुम्हारी आंसुओं से भरी आंखों और कारागृह में दबे चित्त के पास अगर तुम्हें कभी कोई एक स्मित, एक हास, एक उत्सव की झलक भी आ जाए, तो छोड़ा मत उन चरणों को। उन्हीं के सहारे तुम परममुक्ति और स्वातंत्र्य के आकाश तक पहुंच जाओगे। अब तक तो तुम्हारी पहचान पतझड़ से थी। तुम्हारा जीवन राग आंसुओं और रुदन से भरा था। तुमने जीवन का कोई और अहोभाव का क्षण जाना नहीं था। नरक ही नरक जाना था। जिस क्षण किसी व्यक्ति के पास तुम्हें लगे- हवा का झोंका आया- स्वच्छ, ताजा, मलयाचल से चलकर, पहाड़ों से उतर कर तुम्हारी घाटियों में, तुम्हारे अंधेरे में- हवा का ऐसा झोंका जिसके पास अनुभव में हो जाए, समझना बुद्धत्व करीब है। कुछ घटा है।

# दशहराः विविधताओं में एकता का सांस्कृतिक उत्सव



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष आश्विन शुक्ल दशमी को 'विजयादशमी' पर्व के रूप में मनाया जाता है, जिसे दशहरा भी कहा जाता है। इस वर्ष उदया तिथि के अनुसार दशहरा 2 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। समस्त भारत में दशहरा भगवान श्रीराम द्वारा लंकापति रावण के वध के रूप में अर्थात बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में तथा आदि शक्ति दुर्गा द्वारा महाबलशाली राक्षसों महिषासुर व चण्ड-मुण्ड का वध किए जाने के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने रावण पर विजय पाने के लिए इसी दिन प्रस्थान किया था। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि हिन्दू राजा अक्सर इसी दिन विजय के लिए प्रस्थान किया करते थे। इसी कारण इस पर्व को विजय के लिए प्रस्थान का दिन भी कहा जाता है और इसे क्षत्रियों का त्यौहार भी माना गया है। इस दिन अपराजिता देवी की पूजा भी होती है। मान्यता है कि सर्वप्रथम श्रीराम ने समुद्र तट पर शारदीय नवरात्रि पूजा का प्रारंभ किया था और तत्पश्चात दसवें दिन लंका विजय के लिए प्रस्थान करते हुए विजय प्राप्त की थी। तभी से दशहरे को असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की जीत के पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।

दो शब्दों दश तथा हरा से मिलकर बना है दशहरा। दश का अर्थ है दस तथा हरा का अर्थ है ले जाना। इस प्रकार दशहरे का मूल अर्थ है दस अवगुणों या बुराईयों को ले जाना यानी इस अवसर पर अपने भीतर के दस अवगुणों को खत्म करने का संकल्प लेना। दरअसल हर इंसान के भीतर रावण रूपी अनेक बुराईयां मौजूद होती हैं और सभी पर एक बार में विजय पाना संभव भी नहीं है, इसलिए दशहरे पर ऐसी ही कुछ बुराईयों का नाश करने का संकल्प लेकर इस पर्व की सार्थकता सुनिश्चित की जा सकती है। दशहरे को रावण पर राम की विजय अर्थात आसुरी शक्तियों पर सात्विक शक्तियों की विजय तथा अन्याय पर न्याय की, बुराई पर अच्छाई की, असत्य पर सत्य की, दानवता पर मानवता की, अधर्म पर धर्म की, पाप पर पुण्य की और घृणा पर प्रेम की जीत के रूप में मनाया जाता है। दशहरे का धार्मिक के साथ सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। यह पर्व देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय एकता का पर्व है। सही अर्थों में यह पर्व अपने भीतर छिपे दुगुणों रूपी रावण को मारकर तमाम अवगुणों पर विजय प्राप्त करने का शुभकाल है।

दशहरे के उत्सव का संबंध नवरात्रों से जोड़कर देखा जाता रहा है। शक्ति की उपायना का यह पर्व सनातन काल से ही शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से शुरू होकर नवमी तक नौ तिथि, नौ नक्षत्र और नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ मनाया जाता है। माना जाता है कि नवरात्रों में देवी की शक्ति से दसों दिशाएं प्रभावित होती हैं और देवी दुर्गा की कृपा से ही दसों दिशाओं पर विजय प्राप्त होती है, इसलिए भी नवरात्रों के बाद आने वाली दशमी को ह्यविजयादशमीह्ल कहा जाता है। नवरात्रों के नौ दिनों में हम देवी के नौ रूपों की पूजा करते हैं लेकिन ऐसा करते हुए हमें यह भी समझना चाहिए कि हमारे समाज में सभी नारियां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, पार्वती या काली का ही रूप हैं, इसलिए इन पर्वों की सार्थकता सही मायनों में तभी सिद्ध हो सकती है, जब हम अपने समाज में देवी स्वरूपा नारी को उचित मान-सम्मान दें, उसे गर्भ में ही मौत की नींद सुलाने से बचाएं, शिक्षित करके उन्हें उनका हक दिलाएं, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएं और सम्मानित जीवन जीने का अधिकार प्रदान करें। शारदीय नवरात्रों का अहम अंग बनकर प्रतिवर्ष दुर्गोत्सव को पूर्णता प्रदान करता बुराई पर अच्छाई तथा असत्य पर सत्य की जीत को परिभाषित करता यह पावन पर्व हमें मानवीय मूल्यों के संरक्षण में सर्वत्र विजयी होने का संदेश देता है। मान्यता है कि आदि शक्ति दुर्गा ने दशहरे के ही दिन महाबलशाली असुर सम्राट महिषासुर का वध किया था। जब महिषासुर के अत्याचारों से भूलोक और देवलोक त्राहि-त्राहि कर उठे थे, तब आदि शक्ति मां दुर्गा ने 9 दिनों तक महिषासुर के साथ बहुत भयंकर युद्ध किया था और दसवें दिन उसका वध करते हुए उस पर विजय हासिल की थी। इन्हीं 9 दिनों को दुर्गा पूजा (नवरात्र) के रूप में एवं शक्ति संचय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है और महिषासुर पर आदि शक्ति मां दुर्गा की विजय वाले दसवें दिन को विजयादशमी के रूप में मनाया जाता है। श्राद्धों के समाप्ति वाले दिन मिट्टी के किसी बर्तन में मिट्टी में जौ बोए जाने की परम्परा बहुत से क्षेत्रों में देखने को मिलती है। दशहरे के दिन तक जौ उगकर काफी बड़े हो जाते हैं, जिन्हें ह्यज्वारेह्ल कहा जाता है। मिट्टी के जिस बर्तन में जौ बोए जाते हैं, उसे स्त्री के गर्भ का प्रतीक माना गया है और ज्वारों को उसकी संतान। दशहरे के दिन लड़कियां अपने भाईयों की पगड़ी अथवा सिर पर ज्वारे रखती हैं और भाई उन्हें कोई उपहार देते हैं। सही मायनों में इस पर्व की सार्थकता तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब हम इस अवसर पर आत्मचिंतन करते हुए अपने भीतर की बुराईयों रूपी रावण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए उनका विनाश करने का प्रयास करें।

# गांधी और गांधी विचार को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?



ललित गर्ग

लंदन के प्रसिद्ध टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की 57 साल पुरानी कांस्य की प्रतिमा पर हुआ हमला केवल एक मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने की घटना भर नहीं है, बल्कि यह गांधी के अस्तित्व, उनके विचार और भारत की आत्मा पर आघात है। गांधी प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करते हुए काले रंग से लिखा है, 'गांधी- मोदी, हिंदुस्तानी टेररिस्ट...।' वहां एक तिरंगे का भी अपमान किया गया है और उसपर भी 'टेररिस्ट' लिखा हुआ है। जिस समय यह हमला हुआ, वह भी बेहद प्रतीकात्मक है, अंतरराष्ट्रीय गांधी जयंती यानी अहिंसा दिवस से महज तीन दिन पहले। यह समय का ऐसा चयन है जो यह दशार्ता है कि अहिंसा के विचार और गांधी के व्यक्तित्व को मिटाने की एक सुनियोजित विकृत मानसिकता एवं साजिश है। गांधी की प्रतिमा महज धातु का ढांचा नहीं, बल्कि उन मूल्यों का जीवंत प्रतीक है जिन्होंने न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया को नई दृष्टि दी, नई दिशा दी एवं शांतिपूर्ण अहिंसक जीवनशैली दी है। इस पर आघात करना इस बात का प्रमाण है कि हिंसा की प्रवृत्तियां, आतंक की मानसिकता एवं नफरत-द्वेष की विध्वंक शक्तियां अब भी गांधी के विचारों से डरती हैं और उसे क्षत-विक्षत एवं ध्वस्त करने के षडयंत्र रचती रहती है, पर महात्मा गांधी भारत के अकेले ऐसे महापुरुष हैं जिन्हें कोई गोली या गाली नहीं मार सकती। गांधी की राजनीति व धर्म का आधार सत्ता नहीं, सेवा था, वसुधैव कुटुम्बकम् था। जनता को भयमुक्त व वास्तविक आजादी दिलाना उनका लक्ष्य था। वे सम्पूर्ण मानवता की अमर धरोहर हैं। उन्होंने दुनिया को अहिंसा का सूत्र देकर शांतिपूर्ण विश्व-संरचना की। दलितों के उद्धार और उनकी प्रतिष्ठा के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया था। उनके जीवन की विशेषता कथनी और करनी में अंतर नहीं होना था।

महात्मा गांधी की प्रतिमा पर अज्ञात लोगों ने जो हमला किया और आपत्तिजनक नारे लिखे। भारतीय उच्चायोग ने इसे अहिंसा की विरासत पर हमला बताया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस जांच में जुटी है। ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने घटना को दुखद बताते हुए कहा कि गांधी की शिक्षाएं हमें सदा एकजुट करती रहेंगी। गांधी के व्यक्तित्व एवं विचारों को आहत करने की यह घटना केवल ब्रिटेन के अस्तित्व एवं अस्मिता तक सीमित नहीं रहती, बल्कि भारत की गरिमा और उसकी सांस्कृतिक उपस्थिति को भी चुनौती देती है। जब किसी राष्ट्र के सार्वभौमिक प्रतीक पर हमला होता है, तो वह उस राष्ट्र के स्वाभिमान और उसके विचारों पर हमला माना जाता है। गांधी केवल भारत के नायक नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के नैतिक मार्गदर्शक हैं। उनका स्मारक क्षतिग्रस्त करना मानवता की उस चेतना को धूमिल करने का प्रयास है जो संवाद, सहिष्णुता, अहिंसा और शांति पर आधारित है। ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, आतंक और कट्टरता से त्रस्त है, गांधी का विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है। ऐसे विचार को कुचलने की चेष्टा न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चुनौती है। समीक्षात्मक दृष्टि से देखा जाए तो यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर क्यों अहिंसा जैसे सार्वभौमिक मूल्य आज के दौर में असहनीय प्रतीत होते हैं? क्यों कुछ समूह इतिहास को मिटाने और संवाद की जगह हिंसा को स्थापित करने पर आमादा हैं? यह केवल अतीत की स्मृति पर हमला नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा पर भी सवाल खड़ा करता है। मूर्तियां टूटीं तो उन्हें ठीक किया जा सकता है, लेकिन यदि विचारों को खंडित करने का यह सिलसिला जारी रहा तो यह मानवता की आत्मा के लिए घातक सिद्ध होगा।

समय-समय पर शरारती एवं असामाजिक तत्व देश एवं दुनिया में भारत की महान् विभूतियों- गांधी-मोदी के दर्शन व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछालते रहे हैं और उन्हें गालियां देकर गौरवान्वित होते रहे हैं। ताजा गांधी प्रतिमा को तोड़ने की घटना किसी साधारण शरारत या स्थानीय असंतोष का परिणाम नहीं है, बल्कि यह उस गहरी हिंसक, आतंकी और विकृत मानसिकता का प्रतीक है, जो दुनिया में अहिंसा की आवाज को दबाना चाहती है। यह घटना केवल एक प्रतिमा को खंडित करने की नहीं, बल्कि महात्मा गांधी के विचारों पर आहत करने की साजिश है। गांधी महज एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक दर्शन हैं। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांत विश्व राजनीति, समाज और मानवता के लिए अब भी सबसे बड़ी प्रेरणा बने हुए हैं। इसीलिए हिंसक मानसिकताएं बार-बार इन मूल्यों को मूक बनाने या कुचलने का प्रयास करती हैं। गांधी प्रतिमा पर हमला वस्तुतः उसी मानसिकता की पुनरावृत्ति है, जिसने उनकी हत्या की थी। आज यह मानसिकता कभी धार्मिक उग्रवाद, कभी नस्लीय भेदभाव, कभी आतंकवाद और कभी आर्थिक साम्राज्यवाद का रूप धारण करके सामने आती है। यह घटना भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए गंभीर चेतावनी है कि यदि अहिंसा और सहअस्तित्व की आवाज को चुप करा दिया गया, तो मानव सभ्यता हिंसा, आतंक और विनाश के अंधकार में जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते वर्षों में जिस तरह शांति, वैश्विक सहयोग और अहिंसक संवाद की परंपरा को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास किया है, वह गांधी दर्शन की ही आधुनिक अभिव्यक्ति है। अंतरराष्ट्रीय संघर्षों, जलवायु संकटों, आतंकवादी क्रुरताओं और युद्ध की विभीषिकाओं से जूझती दुनिया में भारत की यह भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे में गांधी प्रतिमा पर हमला, दरअसल इस शांति अभियान को ठेस पहुँचाने का संगठित प्रयास है। यह केवल भारत को नहीं, बल्कि उन सभी देशों और समुदायों को चुनौती है, जो अहिंसा को सभ्यता का मूल मंत्र मानते हैं। आज यह जरूरी है कि हम इस हिंसक और आतंकवादी मानसिकता को करारा जवाब दें। यह जवाब केवल प्रतिवाद या आक्रोश से नहीं, बल्कि गांधी के विचारों को और अधिक दृढ़ता से जीकर और फैलाकर देना होगा। जब-जब गांधी प्रतिमा पर चोट की गई है, तब-तब गांधी और बड़े होकर खड़े हुए हैं। कभी-कभी प्रशंसा नहीं ऐसी गालियां गांधी को ज्यादा पूजनीय बनाती रही हैं। जिस प्रकार गांधी ने कहा था-'आप मुझे मार सकते हैं, मेरे शरीर को नष्ट कर सकते हैं, पर मेरे विचारों को समाप्त नहीं कर सकते'-यह सत्य आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दरअसल, अहिंसा को कुचलने की हर कोशिश अहिंसा को और अधिक शक्तिशाली बना देती है। यह हमला गांधी की अमरता का प्रमाण है। हमें इस अवसर को केवल निंदा तक सीमित न रखकर, गांधी के सत्य, प्रेम और सहिष्णुता के संदेश को और व्यापक स्तर पर प्रसारित करना चाहिए। तभी आतंकवादी मानसिकता को वास्तविक और स्थायी जवाब मिलेगा।

गांधी को कितने सालों से कटघरे में खड़ा किया जाता रहा है। जीते जी और मरने के बाद गांधी ने कम गालियां नहीं खाईं। गोडसे ने गोली से उनके शरीर को मारा पर आज तो उनके विचारों को बार-बार मारा जा रहा है। महात्मा के शिष्यों ने, बापू के बेटों ने, संत के अनुयायियों ने और गांधी की पार्टी वालों ने उनको बार-बार बेचा है, उनसे कमाया है, उनके नाम से वोट मांगे हैं, सत्ता प्राप्त की है, सुबह-शाम धोखा दिया है और उनकी चादर से अपने दाग छिपाये हैं। लेकिन बहुत हो गया, अब यह आवश्यक है कि इस घटना का विरोध केवल भावनात्मक या औपचारिक स्तर पर न होकर ठोस, नैतिक और प्रभावी स्वरूप में हो। आज गांधी को खोजने की जरूरत मूर्तियों में नहीं, बल्कि अपने जीवन और आचरण में है। यही इस घटना से निकला सबसे बड़ा संदेश है कि अहिंसा की रक्षा केवल स्मारकों से नहीं बल्कि व्यवहार से होगी। गांधी की प्रतिमा का क्षरण क्षणिक है, किंतु उनके विचारों की हत्या यदि हम होने देंगे तो यह सम्पूर्ण मानवता की हार होगी।

# सैफ यू- सेवनटीन चैंपियन शुभम पूनियां का मां ब्रह्माणी मंदिर पल्लू में भव्य स्वागत किया

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी)** । भारत को सैफ -17 चैंपियन शिप 2025 का खिताब जिताने वाले स्टार फुटबॉलर और हनुमानगढ़ जिले के धोलीपाल गाँव के लाल, शुभम पूनिया का मंगलवार को पल्लू पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। शुभम ने यहाँ प्रसिद्ध मां ब्रह्माणी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया और अपनी सफलता के लिए माता का धन्यवाद किया। हाल ही में संपन्न हुए सैफ -17 चैंपियनशिप 2025 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में शुभम पूनिया ने शानदार प्रदर्शन किया था। एक कठिन और अटके हुए मैच में उन्होंने एक महत्वपूर्ण गोल दागकर न केवल भारत की जीत सुनिश्चित की, बल्कि ट्रॉफी भी देश के नाम कर दी। शुभम पूनिया, धोलीपाल निवासी महेंद्र पूनिया के सुपुत्र हैं और उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। मंदिर परिसर में पहुंचने पर पल्लू थानाधिकारी विजेंद्र शर्मा, बी बी एस स्कूल के संचालक दलीप भारद्वाज, व गोरक्षक युवा टीम, पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारियों और मंदिर कमेटी के सदस्यों ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जश्न का माहौल था और सभी ने शुभम को इस ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी।शुभम की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे हनुमानगढ़ जिले का नाम रोशन हुआ है। "धोलीपाल की धूम अब विदेशों में" के नारे के साथ स्थानीय लोग उनकी सफलता का जश्न मना रहे हैं। क्षेत्र के लोग शुभम और उनके माता-पिता को ढेरों बधाइयां दे रहे हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

# लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड'भारतीय मानक ब्यूरो की अनूठी पहल

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)।** भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वाधान में बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सोनड़ी में गठित "मानक क्लब" के विधार्थियो के लिए राज्य संदर्भ व्यक्ति( आरपी) ओम प्रकाश बराला प्राध्यापक (जीव विज्ञान) के द्वारा मानकों के माध्यम से विज्ञान को सिखाना (लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड ) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संदर्भ व्यक्ति ओम प्रकाश बराला ने बताया कि बीआईएस की यह अनुठी पहल मानको को उनसे जुड़े विज्ञान विषय के विभिन्न सिद्धांतों नियमों को रोचक लेसन प्लान के द्वारा समझाते हुए मानकीकरण प्रक्रिया के साथ विद्यार्थियों को जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। जिससे युवा पीढ़ी उच्च गुणवत्ता मानक स्थापित कर सशक्त समाज निर्माण में अपनी भूमिका निश्चित करेंगे। मानक क्लब प्रभारी वीरेन्द्र साहेवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मानक क्लब के 60 विधार्थियो ने भाग लिया जिसमें बराला के द्वारा विज्ञान के सिद्धांतों के आधार पर मानकीकरण की विस्तृत जानकारी, बीआईएस की कार्यप्रणाली, मानक मार्क पहचानने के तरीक़े तथा निर्माण प्रक्रिया के वैज्ञानिक तथ्यों को उदाहरण सहित समझाया। विशेष रूप से रेफ्रीजरेटर, थर्मामीटर, एलपीजी गैस सिलेंडर जैसे दैनिक उपयोगी उत्पादों में विज्ञान के कौनसे से नियम कार्य करते हैं तथा उनके आधार पर मानकीकरण की महत्ता बताई।विद्यार्थियों को वस्तु निर्माण प्रक्रिया, सामग्री टेस्टिंग, सुरक्षा मानको की विस्तृत जानकारी दी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनिवास गोदारा ने एलएसवीएस(एलएसवीएस) कार्यक्रम को शिक्षण विधि व मानकीकरण प्रक्रिया के बीच योजक कड़ी बताते हुए मानक ब्यूरो के इस नवाचार के लिए बराला का आभार व्यक्त किया । इस कार्यक्रम में अरविंद कुमार , राम कुमार, दयाराम भांभू गीता चौधरी आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# रावतसर पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में दो संदिग्ध म्यूल खाताधारकों को गिरफ्तार किया है

## 132 साइबर शिकायतों पर दो म्यूल खाताधारक गिरफ्तार किया पुलिस ने विशेष अभियान के तहत की कार्रवाई

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी)।** जिले में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रावतसर पुलिस ने दो संदिग्ध म्यूल खाताधारकों को गिरफ्तार किया है। इन पर कुल 132 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पीलीबंगा मंडी निवासी मुकेश कुमार (37) और संदीप कुमार (38) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा साइबर पोर्टल पर उनके बैंक खातों की जांच की गई। इसमें मुकेश कुमार के तीन खातों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में 86 शिकायतें और संदीप कुमार के दो खातों के खिलाफ 46 शिकायतें दर्ज मिलीं।रावतसर थानाधिकारी रामचंद्र कस्वां के नेतृत्व में साइबर पोर्टल पर कार्यरत कॉन्स्टेबल अरविंद कुमार ने संदिग्धों को थाने बुलाया। म्यूल खातों के संबंध में पूछताछ के बाद, दोनों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई साइबर अपराधों, सिम विक्रेता पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) और संदिग्ध बैंक खातों (म्यूल खातों) के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है

# जिले में फर्जी नियुक्ति पत्र देने का आरोपी कै गिरफ्तार किया हनुमानगढ़ में पशु परिचर पद के लिए किया था आवेदन, जाली दस्तावेज तैयार किए थे

द डेस्प्रिंग



**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** । पशुपालन विभाग में फर्जी नियुक्ति पत्र प्रस्तुत करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पशु परिचर पद के लिए जाली दस्तावेज तैयार किए थे। यह मामला 29 सितंबर 2025 को सामने आया था।संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग, हनुमानगढ़ के डॉ. आनंद स्वरूप ने हनुमानगढ़ टाउन पुलिस थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि झुंझुनू जिले के लूटू गांव निवासी सचिन पुत्र रणवीर ने पशु परिचर के पद के लिए एक नकली आवेदन कार्यालय में प्रस्तुत किया था।जांच में सामने आया कि कार्यालय के लेटर पैड पर पशु परिचर के पद पर उपस्थिति दर्ज करवाने का एक कूटरचित दस्तावेज बनाया गया था। इस पर संयुक्त निदेशक हनुमानगढ़ के फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे। रिपोर्ट के आधार पर, प्रकरण संख्या 641/2025 दर्ज कर उपनिरीक्षक मोहर सिंह को अनुसंधान सौंपा गया।गहन अनुसंधान और आरोपी सचिन कुमार से पूछताछ के बाद, यह पुष्टि हुई कि सचिन कुमार ने स्वयं फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार किया था और शिकायतकर्ता डॉ. आनंद स्वरूप के फर्जी हस्ताक्षर किए थे। अपराध प्रमाणित होने पर, आरोपी सचिन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सचिन कुमार उर्फ धोलिया (28), पुत्र रणवीर जाट, निवासी गांव लूटू, पुलिस थाना धंधूरी, तहसील मलसीसर, जिला झुंझुनूं के रूप में हुई है। इस मामले में आगे की जांच जारी है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मोहर सिंह और कॉन्स्टेबल महंगा सिंह (1287) शामिल हैं।

# ग्राम पंचायत थालड़का में महर्षि दयानंद गौशाला में सीमेंट कुर्सियां एवं गद्दे भेंट

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ ( विनोद चौधरी)** । ग्राम पंचायत थालड़का कि महर्षि दयानंद गौशाला सेवा समिति में मामा भांजा ग्रुप नोहर के संचालकों द्वारा स्थानीय गौशाला में सीमेंट की 6 कुर्सियां एवं पांच गद्दे भेंट किए गए। और बाबा रामदेव मंदिर परिसर में 12 गुना20 वर्ग फुट का एक ,शैड भेंट किया गया है। गौशाला सेवा समिति एवं मंदिर समिति द्वारा बजाज परिवार एवं मदान परिवार का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि उनके द्वारा गांव में अच्छा सहयोग किया जा रहा है। इन्होंने बालाजी मंदिर व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर समय-समय पर अपनी इच्छा अनुसार अच्छा सहयोग किया गया है। गौशाला अध्यक्ष भूपसिह सहारण एवं समाजसेवी माडुराम गोदारा ने बताया कि बताया कि लोग गौशाला में समय-समय पर अच्छा सहयोग कर रहे हैं और मामा भांजा ग्रुप नोहर के संचालकों ने गौशाला में बहुत अच्छी सेवा दी है। हर कोई ग्रामीण इनकी भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं। इस मौके पर गौशाला सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित,

## डेढ़ लाख लाभार्थियों की एनसीडी, हिमोग्लोबिन स्क्रीनिंग का लक्ष्य करे पूरा - डॉ. मीणा




धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान शिविर में दी जा रही सेवाओं को प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान बच्चों, महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र और शिविर में महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच तथा 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति की एनसीडी जांच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एनीमिया महिलाओं के स्वास्थ्य की सबसे बड़ी समस्या है और इसके समाधान के लिए नियमित जांच, आयरन एवं फोलिक एसिड की खुराक और पौष्टिक आहार आवश्यक है। डॉ. मीणा ने कहा कि स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार और सशक्त समाज की आधारशिला है। महिलाओं के स्वास्थ्य की अनदेखी समाज के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। उन्होंने सभी चिकित्सा अधिकारी और नर्सिंग कार्मिक और जमीनी स्तर के स्वास्थ्य कार्यकर्ता को आयोजित विशेष अभियान में निर्धारित 1लाख 50 हजार लाभार्थियों के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गौरव मीणा, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शिव कुमार शर्मा, डीपीओ शशांक वशिष्ठ सहित समस्त खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मौजूद रहें।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जन्मदिन,कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

द डेस्प्रिंग




**जैसलमेर -रमेश प्रजापत** । ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जन्मदिन धुमधाम से मनाया गया !
ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूघदान झीबा ने बताया कि जिला अध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर और पूर्व विधायक रुपाराम धनदेव के संयुक्त नेतृत्व में ज़िला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा गोविंद सिंह डोटासरा के जन्मदिन पर गांधी कॉलोनी में स्थित कन्हैया गोशाला में पहुँच कर गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया और जिला कांग्रेस कार्यालय में केक काटकर गोविंद सिंह डोटासरा के स्वस्थ और दीर्घायु होने की कामना की ! ईस अवसर पर पूर्व विधायक रूपाराम धनदेव, महासचिव रूपचंद सोनी,ज़िला उपाध्यक्ष सुमारखान, पार्षद आनंद व्यास, सचिव जैनाराम सत्याग्रही, नेमीचंद, प्रेम भार्गव, अशोक बारासा, महेंद्र खटीक, नेमाराम, एडवोकेट अरविंद दईया,मंगल भाटी, प्रतापचंद दैया पम्मूमल भार्गव,प्रदीप महेचा,दिलीप सिंह बरमसर,नीरू भाटी, तरुण दैया, महेंद्र गोपा,सवाई राम पातलिया, रमेश खत्री, वीरेंद्र मेघवाल,आदि मौजूद रहे!

# शारदीय नवरात्रा पर्व साधना का सफ़र भक्त की हर मनोकामना होती है पूर्ण

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

## आडंबर से हटकर नारी-सम्मान, आत्मबल और सनातन संस्कृति की ओर लौटने का आह्वानः कुश राठौर

शारदीय नवरात्रा पर्व पर राजाखेड़ा के युवा विचारक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड सेवा प्रमुख कुश राठौर ने समाज को जागरूक करने और सनातनी संस्कृति और परंपराओं को अपने जीवन में उतारने को लेकर एक तर्कशील व्याख्यान दिया है।जिसमें युवा विचारक कुश राठौर ने बताया कि हम अपनी पुरातन सनातन हिंदू धर्म और संस्कृति को छोड़कर बाह्य आडंबरों और विदेशी संस्कृति की ओर बढ़ते जा रहे हैं जिस पर युवा विचारक कुश राठौर ने कहा कि शारदीय नवरात्र केवल उत्सव नहीं, बल्कि आत्मबल, सत्य और धर्म की पुनःस्थापना का प्रतीक पर्व है।नौ दिन और दस रातें हमें याद दिलाती हैं कि असली विजय बाहरी सजावट से नहीं, बल्कि आंतरिक साधना से मिलती है।वर्तमान में हम भक्ति से अधिक दिखावे की ओर बढ़ रहे हैं।आज नवरात्र का स्वरूप बदलता जा रहा है।जहां पहले दुर्गा सप्तशती के पाठ और आदिशक्ति मां दुर्गा के मंत्रोच्चारण से वातावरण गूंजता था,वहीं अब डीजे और फिल्मी गीतों का शोर सुनाई देता है।पूजा केवल मंच और थाली तक सीमित न रहकर आत्मशुद्धि और आसुरी प्रवृत्तियों पर विजय का माध्यम बननी चाहिए। महिषासुर वध शारदीय नवरात्रा पर्व की शाश्वत शिक्षा......महिषासुर अहंकार और अन्याय का प्रतीक था। मां दुर्गा ने नौ दिन तक युद्ध कर उसका वध किया। यह संदेश स्पष्ट है कि अन्याय बढ़ेगा तो शक्ति भीतर से ही जागृत होगी। हर नारी में देवी का स्वरूप.....एक कथा है कि एक साधु रोज मूर्ति की पूजा करता, जबकि उसकी मां भूखी रहती। मां दुर्गा ने स्वप्न में कहा कि "तुम मुझे मूर्ति में नहीं,अपनी मां में देखो।" यही नवरात्र का मर्म है कि 'प्रति स्त्री मां' है।या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।देवी हर जीव में मातृरूप से विद्यमान हैं।नवरात्र का असली महत्व तभी है,जब हम हर स्त्री का सम्मान कर अपनी पुरातन सनातन संस्कृति को बढ़ावा दें। आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों में छुपे हैं नौ संदेश.......मां दुर्गा के नौ रूप हमें धैर्य, साधना, साहस, ऊर्जा, मातृत्व, न्याय, संघर्ष, पवित्रता और करुणा का जीवन-दर्शन देते हैं। इन्हें अपनाना ही सच्ची आराधना है। समाज को शारदीय नवरात्रा पर्व के सच्चे मर्म को समझने की है आवश्यकता....... युवा विचारक कुश राठौर का कहना है कि शारदीय नवरात्रा पर्व का सच्चा मर्म केवल पूजा और अनुष्ठान तक सीमित नहीं है,बल्कि यह समाज को जागरूक करने का अवसर भी है। सबसे पहले हमें नारी-सम्मान का संकल्प लेना होगा।बेटियों को सुरक्षा और सम्मान देना ही पूजा की वास्तविक सार्थकता है।युवा पीढ़ी की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।डीजे और शोर-शराबे से दूर रहकर यदि वे दुर्गा सप्तशती और धर्मग्रंथों से जुड़ें तो यह ही मां दुर्गा की सच्ची सेवा होगी।परिवार और परंपरा को भी नवरात्र में विशेष स्थान देना चाहिए।यह पर्व घर-घर की एकता,भक्ति और संस्कारों को जीवित रखने का संदेश देता है। साथ ही पर्यावरण का भी ध्यान रखना आवश्यक है।अपव्यय और प्रदूषण छोड़कर पर्यावरण सम्मत पूजा ही सही मायनों में आधुनिक समय की आवश्यकता है।सच्ची पूजा भक्ति दीपक या नारियल से नहीं, बल्कि भीतर की बुराइयों को त्यागकर समाज में न्याय, सम्मान और करुणा का प्रकाश फैलाने से होती है। यही हमारी पुरातन सनातन संस्कृति का जयघोष है,जो पूरे विश्व में ।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना- 2025

# हनुमानगढ़ से रामेश्वरम मदुरई के लिए 8 अक्टूबर को विशेष रेलगाड़ी होगी

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)** । राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2025 के अंतर्गत विशेष रेलगाड़ी हनुमानगढ़ से रामेश्वरम्-मदुरई वाया सूरतगढ़ ट्रेन 8 अक्टूबर, 2025 को प्रातः 10.50 बजे हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त ओमप्रकाश ने बताया कि इस यात्रा गाड़ी में हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन से 350, सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन से 326 सहित कुल 676 यात्री सवार होंगे। इन 676 यात्रियों को दोनों रेलवे स्टेशन पर पहुंचने हेतु सूचित किया जा रहा है ताकि समस्त प्रक्रिया समय पर पूर्ण कर सके। सहायक आयुक्त हनुमानगढ़ के अधीन हनुमानगढ़ जिले के यात्रियों को हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर प्रातः 6 बजे एवं श्रीगंगानगर जिले के यात्रियों को सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन पर प्रातः 6 बजे से रिपोर्ट करना है। यात्रा में सभी यात्रियों की देखरेख हेतु 1 ट्रेन प्रभारी, प्रत्येक कोच में 2 सरकारी कर्मचारियों को अनुदेशक एवं चिकित्सा व्यवस्था हेतु एक डॉक्टर व 2 नर्सिंग अधिकारी भी रहेंगे, जो यात्रा के दौरान यात्रियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। यात्री अपने साथ ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मय प्रमाणित चिकित्सीय प्रमाण पत्र, मूल जनआधार, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आना अनिवार्य होगा।

# राजस्थान शिक्षक संघ(सियाराम) उपशाखा सुजानगढ़ व बीदासर के चुनाव 5 अक्टूबर को

द डेस्प्रिंग

सुजानगढ़।राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) उपशाखा सुजानगढ़ व बीदासर के वार्षिक चुनाव आगामी 5अक्टूबर को होंगे।प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी ने बताया कि सुजानगढ़ उपशाखा के वार्षिक चुनाव साधारण सभा की बैठक में आगामी 5अक्टूबर रविवार को सुजानगढ़ के राजकीय पी. सी. बी. उ. मा.विद्यालय में होंगे।सुजानगढ़ उपशाखा के चुनाव प्रभारी चैनप्रकाश प्रजापत व पर्यवेक्षक प्रदेश मंत्री पूसाराम स्वामी होंगे।बीदासर उपशाखा के चुनाव खूबचंद बांठिया रा. उ. मा. वि.बीदासर पर चुनाव प्रभारी श्रीमती रेखा कुलदीप ।

# एस एम पब्लिक में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि पर्व,गरबों की रही धूम

द डेस्प्रिंग



**जैसलमेर-रमेश प्रजापत ।** जैसलमेर के स्थानीय एस एम पब्लिक स्कूल जैसलमेर में रात्रि गरबा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस गरबा आयोजन में विद्यालय के लगभग 670 छात्र छात्राओं एवं 520 अभिभावकों ने गरबा की पारंबरिक वेशभूषा में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसएफ 192 के डीसी राम कुमार मीणा ने की एवं विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण सिंह भाटी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों, संस्था चेयरमैन करण सिंह राठौड़ एवं उनके परिवार जनो ने गणेश वंदना एवं माता रानी के तिलक एवं माल्यार्पण कर किया। संगीत शिक्षक उदयलाल बेरात एवं हॉस्टल के विद्यार्थियों ने लाइव संगीत प्रस्तुत किया जिसपर सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने शानदार गरबा का आनंद लिया। विद्यालय के नन्हे नौनिहालों ने गरबा एवं डांडिया का आनंद लिया एवं सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों ने उनका साथ दिया। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए विद्यालय द्वारा विभिन्न चाट, भेल, पानीपुरी, गुड्डी का बाल एवं कुल्फी का बंदोबस्त किया गया था जहां सभी ने खाने का लुफ्त उठाया। विद्यार्थियों का उत्साह दोगुना करने हेतु बच्चों एवं अभिभावकों की श्रेणी में पुरस्कार भी दिया गया जिसमें भवयांशी एवं गुंजन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार राजिम ने द्वितीय एवं निरमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अभिभावकों की श्रेणी में पुरस्कार गीता चौहान एवं भाविका को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ पोशाक श्रेणी का पुरस्कार विद्यार्थी वर्ग में प्रेरणा, शिक्षक वर्ग में अनमोल तिवारी एवं शिक्षिका वर्ग में तनु शर्मा ने जीता। कार्यक्रम का समापन रात्रि 9…30 बजे आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक नितिन जांगिड़ एवं शिक्षिका अंकिता राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम कुमार मीणा, विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण सिंह भाटी, संस्था के चेयरमैन करण सिंह राठौड़, प्रबंधक निदेशक गोविन्द सोनी, प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार यादव, उप प्रधानाचार्या शैला रोसेट, एडमिन अधिकारी जितिन वीपी, विद्यार्थी एवं सभी अभिभावक उपस्थित रहे। सभी अभिभावकों में कार्यक्रम की मुक्तकंठ प्रशंसा की एवं विद्यालय प्रशासन का तहे दिल से धन्यवाद दिया।

# ढंढार वाले हनुमान मंदिर पर 62 वां कार्ष्णि सत्संग महोत्सव 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक

द डेस्प्रिंग



**रूदावल / रामकुमार उपाध्याय।** । कार्ष्णि श्री गुरूशरणानन्दजी महाराज के सानिध्य में रूदावल वाले श्री ढंढार वाले हनुमान मन्दिर पर 62 वां सत्संग महोत्सव 4 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक आयोजित होगा। जिसमें अखण्ड श्रीमद् गोपाल विलास पाठ, अखण्ड श्रीमद् रामचरित मानस पाठ एवं अखण्ड हरिनाम संकीर्तन तथा सत्संग पांडाल में महापुरूषों के मंगल दिव्य प्रवचन होंगे। 62वें श्री गुरु कार्ष्णि सत्संग महोत्सव में 4 अक्टूबर शनिवार को श्री गणेशादि पूजन, फूल बंगला झांकी, श्रीमद् गोपाल विलास पाठ, श्री रामचरित मानस अखण्ड पाठ एवं संकीर्तन, संत महापुरूषों के प्रवचन, 5 अक्टूबर रविवार को श्रीमद् गोपालविलास सामूहिक पाठ एवं संत महापुरूषों के प्रवचन, 6 अक्टूबर सोमवार को संत महापुरूषों के प्रवचन, श्रीरामचरित मानस, श्री गोपालविलास एवं संकीर्तन का विसर्जन, हवन एवं महामण्डलेश्वर स्वामी कार्ष्णि गुरू शरणानन्द जी महाराज द्वारा आर्शीवाद वचन का आयोजन किया जाएगा।

# मजबूत इरादों से बदली तस्वीरः जनता गैरेज व क्लीन अप टीम ने चमकाया व्यास सर्किल

द डेस्प्रिंग



**मालपुरा किशन पोसवाल / मालपुरा (टोंक)।** कहते हैं मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। मालपुरा शहर में यही तस्वीर उभरकर सामने आ रही है। क्लीन अप मालपुरा टीम और जनता गैरेज ग्रुप के संयुक्त प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, पौधरोपण और रंग-रोगन के जरिये व्यास सर्किल की कायापलट कर दी गई। पूर्व गृहमंत्री व राजस्थान के लौहपुरुष कहे जाने वाले दामोदर लाल व्यास के नाम पर बने इस सर्किल को जनता गैरेज ने विशेष अभियान चलाकर नई पहचान दी। महज एक छोटे से प्रयास से व्यास सर्किल एक बार फिर चमक उठा। इस पहल में मालपुरा की आमजनता ने भी बढ़-चढ़कर आर्थिक सहयोग दिया, जिसके फलस्वरूप व्यास सर्किल का रूप निखरकर सामने आ पाया। शहरभर में इस जनसहयोगी प्रयास की सराहना हो रही है। वहीं, यह कार्यशैली पालिका प्रशासन पर भी सवाल खड़े करती है, जिसने वर्षों में भी वह काम नहीं किया, जो जनता गैरेज ग्रुप और क्लीन अप मालपुरा टीम ने कुछ ही दिनों में कर दिखाया।

# गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को पक्के मकान और गैस कनेक्शन दिलाने की मांग तेज,आंदोलनकारी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## गरीब परिवार के मुखिया महिला और पुरुष के नाम पर मुफ्त गैस कनेक्शन, चूल्हा आदि उपलब्ध कराए जाएं

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज/ (दीपक भारद्वाज) ।** उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी कुलवन्त सिंह ने उपजिलाधिकारी सितारगंज को ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यमंत्री को पूर्व में सौंपे गए गुहार पत्र की याद दिलाई और कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवार आज भी खुले आसमान के नीचे जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त 2024 को प्रेसित और 1 सितम्बर 2024 को मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में स्पष्ट मांग की गई थी कि गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना, अटल आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बिना भूमि रजिस्ट्री के सिर्फ नोटरी स्टाम्प पर पक्के मकान दिए जाएं ताकि पात्र परिवार शीघ्र लाभान्वित हो सकें। साथ ही मांग की गई कि प्रत्येक गरीब परिवार के मुखिया महिला और पुरुष के नाम पर मुफ्त गैस कनेक्शन, चूल्हा आदि उपलब्ध कराए जाएं। कुलवन्त सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से कई बार फोन आने के बावजूद अब तक सर्वे की औपचारिकताएं पूरी नहीं हो सकी हैं, जिससे हजारों गरीब परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने सरकार से तुरंत आदेश जारी कर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गरीबों को पक्का मकान और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की अपील की और कहा कि यह कदम न केवल गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाएगा बल्कि राज्य आंदोलन की मूल भावना को भी सार्थक करेगा।

# जेडीए का बुलडोज़र एक्शन : भूमाफिया की कमर टूटी, हौसले चकनाचूर'

## सरकारी ज़मीन मुक्त, अवैध कॉलोनियां ध्वस्त - जेडीए का ताबड़तोड़ अभियान'

द डेस्प्रिंग

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने मंगलवार को जोन-12 और जोन-13 में एक साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए भूमाफियाओं के अवैध कब्ज़ों और कॉलोनियों पर बुलडोज़र चला दिया। इस दौरान करीब 30 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।







### जोन-13 - सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा ध्वस्त

ग्राम हरमाडा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल और निर्माण कर कब्ज़ा किया गया था। राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशादेही पर प्रवर्तन प्रकोष्ठ की टीम ने जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से पूरे निर्माण को ध्वस्त कर भूमि को मुक्त कराया।

### जोन-12 - अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोज़र

1. ग्राम माचवा, जिला जयपुर - यहां करीब 08 बीघा कृषि भूमि नदी-नाला बहाव क्षेत्र में बिना भू-रूपांतरण और स्वीकृति लिए ÷रामदेवनगर÷ नाम से कॉलोनी बसाई जा रही थी। ढांचे, टीनशेड, बाउंड्रीवॉल और अन्य अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर कॉलोनी बसाने की कोशिश को नाकाम किया गया। यह कार्रवाई माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में हुई।

2. ग्राम कालवाड़ स्टैंड, जोबनेर रोड - यहां करीब 10 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग, मिट्टी-ग्रेवल की सड़कें और अन्य निर्माण कर कॉलोनी बसाने की कोशिश की जा रही थी। जेडीए की टीम ने कार्रवाई कर पूरा कब्ज़ा हटाया और भू-माफियाओं की योजना पर पानी फेर दिया।

### लगातार कार्रवाई से भूमाफियाओं में खौफ़

जेडीए के इस ताबड़तोड़ अभियान से भूमाफियाओं में दहशत का माहौल है। जहां सरकारी ज़मीन को मुक्त कराया जा रहा है, वहीं अवैध कॉलोनियों की जड़ें उखाड़ दी जा रही हैं। जेडीए का संदेश साफ है– अब भूमाफियाओं की कमर ही नहीं, हौसले भी तोड़े जाएंगे।

# फलोदी दुर्ग महोत्सव का रंगारंग समापन, दुर्ग को मिली नई पहचान

### मनोरंजक प्रतियोगिताएं व लोक कलाकारों की प्रस्तुतिया रही आकर्षण का केंद्र

द डेस्प्रिंग

**श्रीराम भादू /फलोदी ।** ऐतिहासिक फलौदी दुर्ग में दो दिवसीय दुर्ग महोत्सव का समापन बुधवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजक प्रतियोगिताओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



इस अवसर पर लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों से दुर्ग प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और महोत्सव ने सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान दिलाई। महोत्सव की शुरुआत मटका दौड़ प्रतियोगिता से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके पश्चात प्रस्तुतियों का दौर शुरू हुआ जिसमें कलाकारों ने अपनी कला से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लीलादेवी पादरला द्वारा तेरहताली की प्रस्तुति दी गई। एजाज खान द्वारा सितार वादन, प्रेरणा राठी द्वारा कत्थक नृत्य, यूसुफ खान द्वारा भंपग वादन, उमराव खां लंगा दल द्वारा लंगा गायन, डॉ अनुपम राज पुरोहित द्वारा भजन का गायन किया गया। इसी प्रकार कार्यक्रम में लीलादेवी पादरला के चरी नृत्य देख कर दर्शकों की तालियों से दुर्ग गुंजायमान रहा। सुनेना द्वारा भरत नाट्यम व अप्पा नाथ कालबेलिया द्वारा कालबेलिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। महोत्सव के समापन अवसर पर उपस्थित आमजन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम भी बनते हैं।

# 3 अक्टूबर को मुंडावर उपखण्ड के जाट बहरोड़ व करनीकोट लगाए जाएंगे ग्रामीण सेवा शिविर

द डेस्प्रिंग

**मुंडावर /हवासिंह चौधरी ।** शहरी क्षेत्र में लग रहे शहरी सेवा शिविर के तहत 3 अक्टूबर को नगर परिषद भिवाड़ी के वार्ड 28, 29, 30 हेतु शिविर नगर परिषद भिवाड़ी में, नगर परिषद तिजारा के वार्ड नंबर 1 से 25 हेतु फॉलो अप शिविर कार्यालय नगर परिषद तिजारा में, नगर पालिका मुंडावर के वार्ड 23,24,25 हेतु कार्यालय नगर पालिका मुंडावर में, नगर पालिका टपूकड़ा के 18,19 हेतु शिविर कार्यालय पालिका टपूकड़ा एवं नगर पालिका किशनगढ़ बास के वार्ड 20,21,22 अंबेडकर भवन भूरपहाड़ी किशनगढ़ बास में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में लग रहे ग्रामीण सेवा शिविर के तहत 3 अक्टूबर को उपखंड किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत चामरोदा, लंगडबास, उपखंड कोटकासिम की ग्राम पंचायत जकोपुर, बीलाहेडी, उपखंड मुंडावर की ग्राम पंचायत करनीकोट, जाटबहरोड, उपखंड तिजारा की ग्राम पंचायत बाघौर, हसनपुर माफी, उपखंड टपूकड़ा की ग्राम पंचायत गुवाल्दा, मिलकपुर तुर्क में शिविरों लगेंगे।

# आज होगा रावण और कुंभकरण के पुतले का दहन

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज / दीपक भारद्वाज ।** श्री रामलीला कमेटी सितारगंज के अध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष की विजयदशमी के पावन पर्व पर श्री रामलीला प्रांगण में तीन बजे से भगवान श्री राम और रावण का घमासान युद्ध प्रारंभ होगा। उसके पश्चात पाँच बजे रावण और कुंभकरण के पुतले को अग्नि दी जाएगी। रात्रि सात बजे मुख्य चौराहे पर मनमोहक आतिशबाजी के साथ भारत मिलाप का मंचन किया जाएगा। तत्पश्चात रात्रि 9ऋबजे बजे श्री रामलीला मंच पर भगवान श्री राम का राज्याभिषेक और भीष्म प्रतिज्ञा का मंचन वृंदावन से आये कलाकारों के द्वारा किया जाएगा राकेश त्यागी ने आमजन से अधिक संख्या में उपरोक्त कार्यक्रमों में समयानुसार पहुंचने की अपील की।

आज होगा रावण और कुंभकरण के पुतले का दहन

द डेस्प्रिंग

सितारगंज / दीपक भारद्वाज । श्री रामलीला कमेटी सितारगंज के अध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि हर वर्ष की भर्ती इस वर्ष की विजयदशमी के पावन पर्व पर श्री रामलीला प्रांगण में तीन बजे से भगवान श्री राम और रावण का घमासान युद्ध प्रारंभ होगा। उसके पश्चात पाँच बजे रावण और कुंभकरण के पुतले को अग्नि दी जाएगी। रात्रि सात बजे मुख्य चौराहे पर मनमोहक आतिशबाजी के साथ भारत मिलाप का मंचन किया जाएगा। तत्पश्चात रात्रि 9ऋबजे बजे श्री रामलीला मंच पर भगवान श्री राम का राज्याभिषेक और भीष्म प्रतिज्ञा का मंचन वृंदावन से आये कलाकारों के द्वारा किया जाएगा राकेश त्यागी ने आमजन से अधिक संख्या में उपरोक्त कार्यक्रमों में समयानुसार पहुंचने की अपील की।

# आईआईएमआर द्वारा मक्का की टिकाऊ खेती हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़ / गौरव कुमार मेडतवाल ।** भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान (आईआईएमआर), लुधियाना द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय वित्तपोषित एथेनॉल उद्योगों के जलग्रहण क्षेत्रों में मक्का उत्पादन वृद्धि परियोजना के अंतर्गत बुधवार को चित्तौड़गढ़ जिले के बेगूं ब्लॉक के पारसोली गांव में किसानों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 65 से अधिक किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को मक्का की उन्नत, टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती पद्धतियों से अवगत कराना था। इस अवसर पर किसानों को मक्का के जैव-ईंधन (एथेनॉल) उत्पादन हेतु उपयुक्त विकल्प के रूप में महत्व समझाया गया। आईआईएमआर के निदेशक डॉ. एच.एस. जाट ने बताया कि मक्का अब केवल खाद्य फसल नहीं रही, बल्कि औद्योगिक फसल के रूप में उभर रही है, जिसका उपयोग बड़े स्तर पर एथेनॉल जैसे जैव-ईंधन उत्पादन में हो रहा है। इस वर्ष भारत में लगभग 50 मिलियन टन मक्का उत्पादन होने का अनुमान है, जिसे और बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो और देश की खाद्य व जैव-ईंधन नीति को मजबूती मिले।

# चम्बल नदी की सेहत खतरे में, दशहरा मेले से बढ़ा प्रदूषणः अधिवक्ता सानिया शेरी

द डेस्प्रिंग



**कोटा / फ़रीद खान ।** शहर का ऐतिहासिक दशहरा मेला इस बार भी भव्यता के साथ सजने की तैयारी में है, लेकिन इसके पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर चिंता गहराती जा रही है। अधिवक्ता सानिया शेरी ने कहा कि मेले के दौरान चम्बल नदी और उसके किनारों पर प्रदूषण, कचरे का ढेर, सीवेज बहाव से नदी की सेहत के लिए खतरा बन चुका है। इसकी लिखित लिखित शिकायत संभागीय आयुक्त जिला कलेक्टर से की थी अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ममता तिवारी नगर निगम दक्षिणी आयुक्त व प्रदूषण क्षेत्रीअधिकारी को निर्देश दिए थे इसके बाद भी चंबल नदी में मेला दशहरा ग्राउंड के सीवरेज के पानी को नहीं रोका गयाउन्होंने बताया कि चम्बल कोटा की जीवनरेखा है, लाखों लोग इसके जल पर निर्भर हैं। ऐसे में गंदगी और प्रदूषण बढ़ने से जनस्वास्थ्य पर सीधा खतरा मंडरा रहा है।





### कानूनों की अनदेखी

सानिया शेरी का कहना है कि मेले में हो रही कई गतिविधियाँ पर्यावरणीय कानूनों की सीधी उल्लंघन हैं। इनमें जल प्रदूषण अधिनियम 1974, वायु प्रदूषण अधिनियम 1981, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 शामिल हैं।

**उन्होंने प्रशासन से मांग की कि** – मेले में अपशिष्ट प्रबंधन और जल निकासी की ठोस व्यवस्था हो।एकल-उपयोग प्लास्टिक पर सख्त रोक लगे।नदी किनारे पर दुकानें और झूले लगाने पर पाबंदी हो।निगरानी समिति बनाई जाए जो अनुपालन की रिपोर्ट दे। सानिया शेरी ने कहा कि दशहरा मेला कोटा की पहचान है, लेकिन अगर परंपरा पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रही है तो इसे बचाने के लिए समय रहते ठोस कदम उठाना ज़रूरी है।

# गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को पक्के मकान और गैस कनेक्शन दिलाने की मांग तेज



गरीब परिवार के मुखिया महिला और पुरुष के नाम पर मुफ्त गैस कनेक्शन, चूल्हा आदि उपलब्ध कराए जाएं

द डेस्प्रिंग

सितारगंज/ (दीपक भारद्वाज) । उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी कुलवन्त सिंह ने उपजिलाधिकारी सितारगंज को ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यमंत्री को पूर्व में सौंपे गए गुहार पत्र की याद दिलाई और कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवार आज भी खुले आसमान के नीचे जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त 2024 को प्रेसित और 1 सितम्बर 2024 को मुख्यमंत्री को सौंपे गए पत्र में स्पष्ट मांग की गई थी कि गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना, अटल आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बिना भूमि रजिस्ट्री के सिर्फ नोटरी स्टाम्प पर पक्के मकान दिए जाएं ताकि पात्र परिवार शीघ्र लाभान्वित हो सकें। साथ ही मांग की गई कि प्रत्येक गरीब परिवार के मुखिया महिला और पुरुष के नाम पर मुफ्त गैस कनेक्शन, चूल्हा आदि उपलब्ध कराए जाएं। कुलवन्त सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से कई बार फोन आने के बावजूद अब तक सर्वे की औपचारिकताएं पूरी नहीं हो सकी हैं, जिससे हजारों गरीब परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने सरकार से तुरंत आदेश जारी कर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गरीबों को पक्का मकान और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की अपील की और कहा कि यह कदम न केवल गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाएगा बल्कि राज्य आंदोलन की मूल भावना को भी सार्थक करेगा।

# रानी मेन बाजार शितला चोक मे गरबा मंडल द्वारा स्वागत समाहरो आयोजित किया

द डेस्प्रिंग

**नगराज वैष्णव ।** रानी मेन बाजार मे शितला चौक गरबा मंडल द्वारा स्वागत समाहरो रखा गया ! एक सो आठ दिपक की आरती गई रानी एस डि एम शिवा जोशी का स्वागत महिला गरबा मंडल द्वारा किया गया ! रानी भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष हरीश गेहलोत का स्वागत किया गया ! दिनेश जैन तथा रानी थानेदार सि आई आनन्द कुमार सांखला , भरत चैयर मेन के प्रतिनिधि महावीर जैन , ढोला संरपच मेगाराम मेगवाल का किया स्वागत मोमेटो साफा दुपटा पहनाकर किया स्वागत ! सुपर गरबा नृत्य आयोजत किया जा रहा है ! लाई व गायकी द्वारा गरबा नृत्य ! सिंगर द्वारा शानदार गायकी !



# विदेश में बैठे देवर और उसके परिवार की धमकियों से दहशत में महिला

## गृहमंत्री से लगाई गुहार–जर्मनी से भेजे पैसों के बल पर जान से मरवाने और मकान कब्जाने की धमकी'

द डेस्प्रिंग

**नानकमत्ता /(दीपक भारद्वाज) ।** क्षेत्र के खेमपुर निवासी आंगनबाड़ी कार्यकत्री संगीता कौर ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि जर्मनी में रहने वाला उसका देवर मंजीत सिंह (पी.आर. जर्मन) अपनी पत्नी निर्मल कौर और बहन मंजीत कौर उर्फ गोगी के साथ मिलकर लगातार उसे और उसके माता-पिता को धमकियां दे रहा है। प्रार्थिनी ने बताया कि 29 सितम्बर को वीडियो कॉल कर उसके देवर ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल किया और साफ कहा कि ÷विदेशी पैसों और बदमाशों के दम पर तुम्हें जान से मरवा देंगे और तुम्हारे घर-मकान पर कब्जा कर लेंगे, तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते। महिला ने बताया कि इस संबंध में उसने पहले भी 14 जुलाई 2025 को माननीय गृहमंत्री को रजिस्ट्री पत्र द्वारा गुहार लगाई थी, लेकिन उचित कार्यवाही न होने से आरोपियों के हौसले और बढ़ गए हैं। पीड़िता का कहना है कि अब उसकी और उसके बच्चों की जान को गंभीर खतरा है। यदि उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी धमकी देने वालों के साथ-साथ शासन-प्रशासन की होगी। संगीता कौर ने गृहमंत्री समेत उच्चाधिकारियों से तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# 3 अक्टूबर को मुंडावर उपखण्ड के जाट बहरोड़ व करनीकोट लगाए जाएंगे ग्रामीण सेवा शिविर

द डेस्प्रिंग

मुंडावर /हवासिंह चौधरी । शहरी क्षेत्र में लग रहे शहरी सेवा शिविर के तहत 3 अक्टूबर को नगर परिषद भिवाड़ी के वार्ड 28, 29, 30 हेतु शिविर नगर परिषद भिवाड़ी में, नगर परिषद तिजारा के वार्ड नंबर 1 से 25 हेतु फॉलो अप शिविर कार्यालय नगर परिषद तिजारा में, नगर पालिका मुंडावर के वार्ड 23,24,25 हेतु कार्यालय नगर पालिका मुंडावर में, नगर पालिका टपूकड़ा के 18,19 हेतु शिविर कार्यालय पालिका टपूकड़ा एवं नगर पालिका किशनगढ़ बास के वार्ड 20,21,22 अंबेडकर भवन भूरपहाड़ी किशनगढ़ बास में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में लग रहे ग्रामीण सेवा शिविर के तहत 3 अक्टूबर को उपखंड किशनगढ़ बास की ग्राम पंचायत चामरोदा, लंगडबास, उपखंड कोटकासिम की ग्राम पंचायत जकोपुर, बीलाहेडी, उपखंड मुंडावर की ग्राम पंचायत करनीकोट, जाटबहरोड, उपखंड तिजारा की ग्राम पंचायत बाघौर, हसनपुर माफी, उपखंड टपूकड़ा की ग्राम पंचायत गुवाल्दा, मिलकपुर तुर्क में शिविरों लगेंगे।



## महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव रिक्की सिंह को मिला भीलवाडा शहर का प्रभार

द डेस्प्रिंग



**रुदावल, भरतपुर / रामकुमार उपाध्याय।** रुदावल 1 अक्टूबर। राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सारिका सिंह ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा की अनुशंसा पर महिला कांग्रेस की प्रदेश पदाधिकारियों को जिलों का प्रभार सौंपा है। राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सारिका सिंह ने कांग्रेस नेत्री रिक्की सिंह हंतरा को भीलवाड़ा शहर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। रिक्की सिंह पूर्व में महिला कांग्रेस की भरतपुर जिलाध्यक्ष रह चुकी है। जिनको हाल ही में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी में महासचिव बनाया गया है। आगामी दिनों में सभी प्रभारी अपने प्रभार क्षेत्र के जिलों में जाकर महिला कांग्रेस की बैठक लेंगे व महिला कांग्रेस के संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे।

## सेवार्थ विद्यार्थी द्वारा बस्ती की पाठशाला में दुर्गा नवमी पर कन्या पूजन का कार्यक्रम किया गया

द डेस्प्रिंग

**धौलपुर (दीपू वर्मा)** । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई धौलपुर की गतिविधि सेवार्थ विद्यार्थी (SFS) ने बस्ती की पाठशाला मचकुंड रोड पर नव दुर्गा के नवमी पर कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया । एसएफएस कार्यकर्ता अरुण चौधरी ने कन्या पूजन का महत्व बताया । सेवा बस्ती की लगभग 30 छोटी बालिकाओं का विधिवत पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में विधार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता राजू गुर्जर ने उनके माथे पर रोली चंदन आदि का तिलक लगाकर बच्चियों को पढ़ने के लिए पेन प्रदान किए । उन्होंने कहा कि हमारे सनातन धर्म में मातृशक्ति की बहुत अहम भूमिका है बिना मातृ शक्ति के हमारा अस्तित्व नहीं हैं। भारत में मात्र शक्ति को जो सम्मान मिलता है वो विश्व में कहीं देखने को नहीं मिलता। इस मौके पर पूर्व जिला संयोजक धीरेंद्र कुशवाह ने बताया है कि स्टूडेंट फॉर सेवा (SFS ) विशेष रूप से वंचित और पीड़ित वर्ग की बालिकाओं का पूजन कर समाज में नारी सम्मान और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। वहीं प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक विष्णु भारद्वाज ने कहा कि एबीवीपी मानव सेवा को सर्वोच्च रखती हैं इसलिए सेवा की गतिविधियां को संपूर्ण वर्ष आयोजित करती है। इस मौके पर विकास अग्रवाल, श्लोक शर्मा, गौरव घुरैया, अमित गौर, प्रशांत शर्मा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।





# रानी विधायक केसाराम चौधरी द्वारा मूर्तियो का अनावरण

द डेस्प्रिंग



**नगराज वैष्णव / रानी।** नगर पालिका रानी खुर्द क्षेत्र में सोमवार को विकास कार्यों की सौगात देते हुए नवनिर्मित नगरपालिका कार्यालय भवन, अधिशासी अधिकारी आवास एवं दो सीसी सड़कों का लोकार्पण किया गया। साथ ही पृथ्वीराज चौहान, स्वामी विवेकानंद एवं भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उनके साथ नगरपालिका अध्यक्ष भरत राठौड़, उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा, रानी शहर मंडल अध्यक्ष हरीश गेहलोत , पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष जयंतिलाल वैष्णव , रमेश आर जैन , हैमराज जैन, दिनेश जैन , विजोवा मंडल अध्यक्ष उत्तमसिह , रानी थानेदार आनन्द सांखला ,सहित अनेक जनप्रतिनिधि व स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर विधायक केसाराम चौधरी का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने रानी क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को जनहित की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का संतुलित विकास करना है। साथ ही उन्होंने अपने भाषण में पूर्व विधायक पर इशारों-इशारों में कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता को केवल वादों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर विकास से जोड़ना ही असली राजनीति है। कार्यक्रम के दौरान नगरवासियों में उत्साह का माहौल रहा और नए निर्माण कार्यों व मूर्तियों के लोकार्पण को लेकर लोगों ने विधायक सहित नगरपालिका टीम का आभार जताया। रानी के गोविन्द परमार , कुशल राज मेहता , अशोक अरोड़ा , विक्रम सोलंकी , हरीश माली , गोविन्द मालवीय , सोहन मालवीय, मांगीलाल भाट , बाबूलाल भाट , शिवलाल भाट , लादू प्रजापत , मदन सोलंकी , राजु भाट , जालम सिह , ईश्वर सिह , राजेन्द्र गौतम, गणेशाराम, डायाराम, भगाराम भाट , ईश्वरसिह , इन्दरसिह, रमेश खा रवल, किरण सोनी , मनीष बंजारा , हिरालाल, राहुल सोनी नीतू राठौड, शिवलाल मालवीय , सोनू दिदि , तरुण खार वल , पवन मेवाड , चेतन सुथार ,विजोवा संरपच पति , भगवानपुरा सरपंच पति , रामलाल प्रजापत , रवि धोका , राधव प्रसाद पाण्डेय, मंच संचालन डा. प्रवीन आर वैष्णव बाली ने किया % विधायक द्वारा पटो का वितरण किया ! मोदि सरकार की उपलब्धिया बताई ! पार्षद जोधाराम , घिसुलाल चौधरी , पदमसिह , महेश कुमार , सीता देवी , सेतकी देवी , नर्मदा कॅवर , मनीष मेहता

## स्काउट गाइड का नवरात्रि सेवा शिविर सम्पन्न

### निः स्वार्थ सेवा ईश्वरी सेवा का प्रतिबिंब-रंजना

### स्काउट गाइड की सेवा अनुकरणीय - अचिंत्य लाहिडी

### सेवाकार्य से आत्मीयबोध की प्राप्ति- अजय बजरंगी

द डेस्प्रिंग



**गोरखपुर / संजय कुमार** । विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भारत स्काउट्स और गाइड्स उत्तर प्रदेश जनपद गोरखपुर के तत्वाधान में जिला मुख्य आयुक्त रामजन्म सिंह के निर्देशन में चल रहे शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर नवरात्रि के प्रथम दिवस से संस्था के स्काउट गाइड द्वारा गोलघर कली मंदिर गोरखपुर में प्रातः 7 से दोपहर 12:00 बजे तक एवं सप्तमी से नवरात्रि तक दुर्गा बाड़ी मेला परिसर में रात्रि 10 बजे तक आए भक्तों को भीड़ नियंत्रण,पंक्तियों में लगाना एवं उनके सामान की सुरक्षा देखरेख का सेवा कार्य प्रतिदिन किया गया विदित हो कि स्काउट गाइड के लोग दशहरा,मकर संक्रांति,छठ पूजा, नहान पर्वो पर निःस्वार्थ सेवा कार्य संस्था के सदस्यों द्वारा किया जाता है आज विजयदशमी के दिन शिविर समाप्त हुआ। इस मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि जिला सचिव रंजना राय ने कहा कि संस्था द्वारा विभिन्न अवसरों पर बच्चों द्वारा निःस्वार्थ सेवा कार्य किया जाता है निःस्वार्थ सेवा ईश्वरी सेवा का प्रतिबिंब है इस मौके पर विशिष्ट अतिथि दुर्गाबाड़ी बंगाली समिति के व्यवस्थापक अचिंत्य लाहिड़ी ने स्काउट गाइड के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्काउट गाइड संस्था बच्चों में सेवा भाव जाग्रत करती है जिससे समाज में उनकी अलग पहचान बनती है जो दूसरों के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर असिस्टेंट लीडर ट्रेनर अजय गुप्ता बजरंगी ने कहा कि भक्तों की सेवा से ईश्वर की सेवा करने की सुखद अनुभूति होती है। इस दौरान संगठन आयुक्त स्काउट शशांक पांडे,शिविर का निरीक्षण किया शिविर दिनांक 22/9/25 - 1/10/25 तक चला। सेवा शिविर में प्रतिभाग करने वाले प्रमुख रूप से असिस्टेंट लीडर ट्रेनर स्काउट अजय गुप्ता बजरंगी,गाइड कैप्टन लाजो रानी गुप्ता,खुशबू गौड़, गौरी गुप्ता,आदित्य यादव,अम्बरीष मिश्रा,शिवम शर्मा,आकर्ष पाण्डेय, आदित्य कुमार, अतुल कुमार, दिव्यांश उपाध्याय,उजाला सहानी, अंशिका प्रजापति, मोनिका प्रजापति, खुशबू प्रजापति ने सहयोग दिया।

## जोधपुर संभाग का इकलौता नेता जो सबसे अधिक पैदल चलकर सुनता है जनता की समस्याएं

### बीच रास्ते में जगह जगह व्यास का हुआ भव्य स्वागत सत्कार


द डेस्प्रिंग



**श्री राम भादू/फलोदी** । लटियाल नगरी निवासी महेश व्यास जो समय समय पर अपने जिले गांव और शहर के विकास व जनसमस्याएं के समाधान की मांग को लेकर पैदल दिल्ली व जयपुर की दूरी तय कर अपनी पार्टी के नेताओं सरकार के अधिकारियों को अवगत करवाने निकलने वाले कांग्रेस नेता महेश व्यास जोधपुर संभाग के इकलौते पैदल चलनेवाले नेता के रूप में जाने जाते है। इतना ही नहीं महेश व्यास हरिद्वार से दो बार पैदल गंगाजल लेकर फलोदी पहुंचकर यहां खुद के द्वारा संचालित राजस्थान की सबसे बड़ी नंदीशाला में संरक्षित नंदी के पैरो को धोकर उन्हें नमन किया। इससे पहले कि बात करे तो जोधपुर से दिल्ली तक की पैदल यात्रा तय कर अपने जिले की समस्याओं के निवारण की मांग को लेकर दिल्ली पहुंचने पर कांग्रेस द्वारा व्यास को फलोदी विधानसभा का प्रत्याशी बनाकर टिकट दिया था। पीसीसी सचिव महेश व्यास के नाम फलोदी जिले के हर गांव ढाणी तक पैदल चलकर जनसाधारण के साथ सीधा संपर्क करने में अग्रणी रूप में देखा जाता है। इस बार नवरात्री में पीसीसी सचिव महेश व्यास जोधपुर से फलोदी मां लटियाल के दर्शन करने के लिए 140 किलोमीटर की दूरी तय कर बुधवार को फलोदी श्री लटियाल माता मंदिर पहुंचकर मंदिर मे पुजा अर्चना कर प्रदेश मे खुशहाली की कामना की। पैदल यात्रा के दौरान बीच रास्ते में तिवरी,मथानिया, ओसियां,लोहावट, लोर्डिया, फलोदी मे व्यास का भव्य स्वागत सत्कार कर उज्जवल भविष्य की कामना की।इस मौके पर मुख्य रूप से फलोदी नगर परिषद के पूर्व सभापति पन्नालाल व्यास, गुरु स्वामी त्यागमूर्ति जी, हरेंद्रसिंह हितेश, लाला, वासु प्रजापत, केशुराम, अशोक पुरोहित, अजय व्यास,भोमराज गुचिया, रमेश व्यास, गोपाल बोहरा,भूरा व्यास, राजा ओझा, भानु व्यास सहित कई गणमान्य लोग व युवा जोश मौजूद रहे।

## हत्याकांड के मामले में चार माह से फरार आरोपी गिरफ्तार, आरोपी घटना के दिन से ही चल रहा फरार

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग



भरतपुर महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द बिश्नोई (आईपीएस) व धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (आईपीएस) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ (बाड़ी) डॉ कमल कुमार एवं महेन्द्र मीणा वृत्ताधिकारी वृत्त बाड़ी के निकटतम पर्यवेक्षण में व सदर थानाधिकारी मोहर सिंह मीणा पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत करीब चार माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**घटना विवरण-** दिनांक 26 मई 2025 को गांव छाबड़ी पुरा में हत्याकांड की घटना घटी थी। उक्त घटना में अरूण सिंह पुत्र जसवंत सिंह जाति गुर्जर उम्र 20 साल निवासी गुलियापुरा (बीहड़) थाना गोरमी जिला भिंड मध्यप्रदेश की गोली लगने से मृत्यु हो गयी थी। जिस घटना के सम्बन्ध में थाना बाड़ी सदर पर प्रकरण धारा क्ल्हू में दर्ज है। उक्त घटना को अंजाम देने के बाद से ही अभियुक्तगण उसी दिन से फरार हो गये। जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें गठित कर कई स्थानों पर दबिश दी गई व आरोपियों को संदिग्ध स्थानों पर तलाश किया गया। दिनांक 30 सितम्बर 2025 को उक्त घटना के फरार आरोपी अजीत पुत्र परिमाल जाति गुर्जर उम्र 32 साल निवासी गांव छाबड़ी पुरा थाना बाड़ी सदर जिला धौलपुर धौलपुर रोड़ परशुराम गौशाला बिजौली होटल से दस्तयाब कर तफ्तीश के बाद गिरफ्तार किया गया है। जिससे घटना के सम्बन्ध में पूछताछ जारी है। इससे पूर्व दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान झलकती है : वही हमारी सबसे बड़ी सफलता है बी.पी. पोसवाल

द डेस्प्रिंग









**धौलपुर (दीपू वर्मा)** । जिले के सैंपऊ उपखण्ड के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चुन्नापुरा में विद्यार्थियों के लिए विशेष और यादगार पल रहा, विद्यालय परिसर में बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई जब संस्था प्रधान बी.पी. पोसवाल के नेतृत्व में विद्यालय परिवार के सदस्य यज्ञेश कुमार ,मनोज कुमार यादव ,जैनेंद्र कुमार ने आपसी सहयोग से सभी विद्यार्थियों के लिए बैग नये बैग वितरित किए इस पहल ने केवल बच्चों को प्रोत्साहित किया, बल्कि उनके भीतर शिक्षा के प्रति एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार भी किया,इस अवसर पर संस्था प्रधान बी.पी. पोसवाल ने कहा - ÷विद्यालय केवल ज्ञान देने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रयोगशाला है,हमारा प्रयास है कि प्रत्येक बच्चा सुविधाओं और संसाधनों की कमी महसूस किए बिना अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सके, जब बच्चों को उनकी ज़रूरत की चीज़ें समय पर मिलती हैं, तो वे पढ़ाई में और आगे बढ़ते हैं,बैग वितरण जैसी पहल छोटे-छोटे कदम ज़रूर हैं, लेकिन इनसे बच्चों की सोच और आत्मविश्वास में बड़ा बदलाव आता है, संस्था प्रधान बीपी पोसवाल ने कहा कि समाज और अभिभावकों का सहयोग बच्चों की शिक्षा की सबसे बड़ी ताकत है, विद्यालय परिवार हमेशा यही प्रयास करता रहेगा कि हर बच्चा बेहतर साधनों के साथ पढ़ाई कर सके और अपने भविष्य को सुनहरा बना सके,विद्यालय स्टाफ के मनोज कुमार यादव, यज्ञेश कुमार, जैनेंद्र कुमार , ने भी इस पहल पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि बच्चों के चेहरों पर जो मुस्कान झलकती है, वही हमारी सबसे बड़ी सफलता है, इस तरह की पहल से बच्चे पढ़ाई के प्रति और भी समर्पित होते हैं और उनके आत्मविश्वास को नई दिशा मिलती है ,बैग पाकर बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी,बच्चों ने विद्यालय परिवार के इस प्रयास की सराहना करते हुए जोरदार तालियों और आत्म विश्वास से आभार व्यक्त किया, समस्त विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

# बरेली हिंसा पर बड़ा एक्शन: मौलाना तौकीर के करीबी डॉ. नफीस बेटे संग गिरफ्तार; नमाज़ का वक्त बदलकर भीड़ जुटाने की थी साज़िश



द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)।** बरेली शहर में हाल ही में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने इत्तेहाद मिल्लत काउंसिल (IMC) के राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता डॉ. नफीस और उनके बेटे फरहान रज़ा खान को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने यह गिरफ्तारी हिंसा की साजिश रचने और भीड़ भड़काने के आरोप में की है। इन दोनों की गिरफ्तारी के साथ ही, इस मामले में पकड़े गए उपद्रवियों की कुल संख्या 81 हो गई है।

### साजिश का खुलासा- जानबूझकर बदला गया नमाज़ का समय

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) अनुराग आर्य ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सनसनीखेज खुलासा किया। उन्होंने बताया कि हिंसा वाले दिन एक सोची-समझी साजिश के तहत मस्जिदों में जुमे की नमाज़ का समय बदल दिया गया था। एसएसपी के अनुसार, सामान्यतः नमाज़ 12:30 बजे से 3:30 बजे के बीच अलग-अलग समय पर होती है, लेकिन उस दिन सभी जगह दोपहर 1 बजे नमाज़ पढ़वाई गई। इसका नतीजा यह हुआ कि बड़ी संख्या में लोग नौमहला मस्जिद और फिर इस्लामिया ग्राउंड की ओर एक साथ कूच करने लगे, जिससे हिंसा के लिए बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गई। सोशल मीडिया से फैली अपील- बेटे ने ऑपरेट किया ढ्ढस्ष्ट फेसबुक पेज जांच में सामने आया है कि हिंसा से ठीक पहले, शुक्रवार सुबह एक वीडियो अपील जारी की गई थी, जिसके बाद नमाज़ का वक्त बदलने की सूचना व्हाट्सएप ग्रुप्स के ज़रिए फैलाई गई।

पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि डॉ. नफीस के बेटे फरहान ने ढ्ढस्ष्ट के आधिकारिक फेसबुक पेज को संचालित किया और वहीं से यह भड़काऊ अपील अपलोड की गई थी। बाद में प्रशासन को गुमराह करने के लिए पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया गया और फिर उसे तुरंत डिलीट कर दिया गया। पुलिस ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज और आई-ट्रिपल-सी कंट्रोल रूम से मिले वीडियो के आधार पर लगातार उपद्रवियों की पहचान कर रही है।

### बाहरी राज्यों से बुलाए गए थे लोग

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुछ लोग शाहजहांपुर, पश्चिम बंगाल और बिहार के भी हैं, जिससे हिंसा में बाहरी तत्वों की संलिप्तता भी सामने आई है। पुलिस सर्विलांस के ज़रिए यह पता लगा रही है कि ये लोग कितने समय से बरेली में सक्रिय थे। एसएसपी ने साफ किया कि पुलिस का मुख्य फोकस उन मास्टरमाइंड्स और आयोजकों पर है जिन्होंने भीड़ को भड़काने और हिंसा कराने की योजना बनाई। उन्होंने कहा कि 19 सितंबर को अपील जारी होने के बाद लगातार संपर्क स्थापित किया गया और बाहर से लोगों को बुलाया गया था। कड़ी कार्रवाई का संकेत- एसएसपी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल सारा ध्यान साजिशकर्ताओं और हिंसा में शामिल लोगों की पहचान पर है। जो भी मास्टरमाइंड और आयोजक सामने आएंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।थाना सीबीगंज पुलिस ने (01.10.2025) सुबह हुई एक पुलिस मुठभेड़ के बाद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गोली लगने से घायल दोनों दंगाइयों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### छीनी गई रायट गन और अवैध असलाह बरामद

पुलिस के अनुसार, 26 सितंबर को कुछ असामाजिक तत्वों ने दंगा करने की योजना बनाकर पुलिस टीम पर फायरिंग, ईट-पत्थर और एसिड बोतल से हमला किया था, जिसमें एक सिपाही की एंटी-रायट गन छीन ली गई थी। इस मामले में थाना कोतवाली में गंभीर धाराओं के तहत (मु.अ.सं. 489/25) अभियोग पंजीकृत किया गया था।

दूसरी तरफ बुधवार सुबह थाना सीबीगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना सीबीगंज पुलिस टीम ने बण्डिया नहर हाइवे पुलिया के पास चेकिंग शुरू की। मोटरसाइकिल पर आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने की कोशिश करने पर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी और वे घायल हो गए। मौके से छीनी गई एंटी-रायट गन, एक अवैध असलाह और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल अभियुक्तों की पहचान इदरीश (45 वर्ष) पुत्र सद्दीक पंखिया (निवासी शाहजहांपुर) और इकबाल पुत्र जफर अली (निवासी शाहजहांपुर) के रूप में हुई है। इदरीश एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही चोरी, डकैती, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट सहित 20 अभियोग दर्ज हैं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।



## गांधी जयंती पर ओउमाश्रय सेवा धाम में नशाखोरी के विरुद्ध सद्बुद्धि यज्ञ

द डेस्प्रिंग

**जयपुर।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर शिव विहार कॉलोनी, मुहाना स्थित ओउमाश्रय सेवा धाम में नशाखोरी के विरुद्ध विशेष सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के संस्थापक वैदिक चिंतक यशपाल यश ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा सांसद कौशल किशोर के 22 दिसंबर 2022 के ट्वीट - मैंने नशेबाज बेटे की शादी कर गलती की, जिससे आज बहू विधवा है। कोई भी नशेबाज से शादी न करे चाहे वह कितना भी पैसेवाला या पदाधिकारी क्यों न हो - से प्रेरणा लेकर इस विषय पर गंभीर चर्चा शुरू की गई है। यश ने कहा कि ओउमाश्रय सेवा धाम नशे से बर्बाद होती युवा पीढ़ी का प्रत्यक्ष साक्षी है। यहाँ आश्रय लेने वाले अधिकांश निराश्रितजन नशे की गिरफ्त में आकर लावारिश, विकलांग व मानसिक रूप से विकृत हो चुके हैं। उनका मानना है कि - नशे से बचाना सबसे बड़ी देशभक्ति है। उन्होंने चिंता जताई कि नशेड़ी परिवारों की महिलाएं और बच्चे दयनीय स्थिति में जीवन बिताने को मजबूर हैं। वे भावनात्मक मृत्यु, शिक्षा और चिकित्सा से वंचित होकर राष्ट्र पर बोझ बनते जा रहे हैं। यश ने यह भी कहा कि स्कूलों और शिक्षण संस्थाओं के आसपास अवैध नशे का धंधा खुलेआम चल रहा है। शराब, भांग, अफीम और इंजेक्शनों के जरिए युवा पीढ़ी को फंसाया जा रहा है। अफसोस की बात यह है कि अब शहरों में बेटियां भी नशे की चपेट में आने लगी हैं। गांधी जयंती के अवसर पर गुरुवार सुबह 10 बजे होने वाले इस सद्बुद्धि यज्ञ में गांधी और राम भक्तों, प्रवचनकारों, सांस्कृतिक-आध्यात्मिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों और नेताओं की भागीदारी रहेगी।

## जगदम्बे मैया की आरती में उमड़े श्रद्धालु

द डेस्प्रिंग



**सीकर/ नरेश सैन ।** शेखपुरा मौहल्ला स्थित रामदास जी बगीची में दुर्गा पूजा महोत्सव में आज कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम शंकरदास जी महाराज व कमलदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया।इस अवसर पर जगदम्बे मैया की आरती मे कमलदास जी महाराज, मुख्य यजमान पूर्व पार्षद महावीर प्रसाद शर्मा,गौ सेवक आनंद सिहोटिया रोहित सिहोटिया, प्रीति सिहोटिया, पूर्व पार्षद नरेश सैन भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष मीनू सैन सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## दुर्गा पूजा महोत्सव में भव्य महाआरती का आयोजन




द डेस्प्रिंग

**सीकर/ नरेश सैन** यहां रामदास जी की बगीची गींदड़ चौक में जग कल्याणी दुर्गा पूजा महोत्सव में मंगलवार रात्रि को महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में हजारों की संख्या में देवीभक्तों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष शंकर लाल पहाड़िया, मंत्री ओमप्रकाश माथुर, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, श्यामभक्त रामगोपाल गोपी, रामस्वरूप शर्मा, एडवोकेट शिवरतन शर्मा, अमरचंद शर्मा, कोकट जोशी, सुखदेव सिंह चौहान, सावर सिंह, राकेश शर्मा, मोतीलाल शर्मा, डॉ किशोर जांगिड़, संजय शर्मा, श्रीकांत डस्सा, राजकुमार हलवाई, रमाकांत डस्सा सत्य पटेल,मुख्य यजमान धुडमल दोदराजका सहित काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। बुधवार को सुबह मातारानी का भव्य श्रृंगार किया गया। मातारानी का भव्य श्रृंगार देखने के लिए भक्तगण काफी संख्या में आ रहे हैं।

# बाबू के भरोसे चल रहा है नगर पंचायत अनपरा ईओ और अध्यक्ष नगर पंचायत कार्यालय में नहीं बैठते हैं रहते है नदारत

## सड़क की पटरियों की साफ सफ़ाई कागजों में होते हैं पूर्ण

सोनभद्र द डेस्प्रिंग

सोनभद्र थानाअनपरा परिक्षेत्र में स्थित नगर पंचायत अनपरा हमेशा भ्रष्टाचार को लेकर पुरे प्रदेश मे सुर्खियों में रहने वाले सोनभद्र जिले की नगर पंचायत अनपरा जहाँ ईओ और अध्यक्ष विहीन हो गई है वही एक बाबू के भरोसे प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पंचायत अनपरा मे समस्याओ के अम्बार लग गए है द्य उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी साफ़ सफ़ाई अभियान को चलाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में करोड़ों रुपयों का धन आवंटित करने है फिर भी सोनभद्र का थाना अनपरा परिक्षेत्र में रेहटा मोड़ से अनपरा मोड़ , औडीमोड़ तक ,काशीमोड से डिबुलगंज तक सड़क पटरियों के साफ सफ़ाई कागजों पर पूर्ण हो रही है क्या कारण हैं साफ सफाई नहीं हो रहा हैं। धूल उड़ने से सड़क मार्ग पर चलने वाले राहगीरों को प्रदूषण की मार झेलनी पड़ती हैं मगर नगर पंचायत अनपरा के अधिशाषी अधिकारी, और अध्यक्ष को कोई सरोकार नही हैं। जबकि साफ सफ़ाई के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी चाहते है भारत में साफ सफ़ाई नगर स्वच्छता अभियान के तहत साफ रहे। मगर ईओ और अध्यक्ष को उनके पदचिन्हों पर चलने के बजाय अनदेखी कर रहे है। पूरे नगर पंचायत मे गंदगी,जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित विकास कार्यो मे जहाँ बड़े बड़े घोटाले हो रहे है वही स्वच्छ वायु सर्वेक्षण व स्वछता सर्वे के फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे नगर पंचायत अपनी पीठ स्वयं थपथपा कर सरकारी धन के बंदर बाट मे जुटा है लगभग एक महीने मे ईओ 15 से 20 दिन छुट्टी पर रहती है अध्यक्ष घर से बाहर नहीं निकलते है अध्यक्ष पुत्र व बाबू नगर पंचायत को चला रहे है जिससे नगर पंचायत अनपरा नरक पंचायत बन गया है द्य चहुओर गंदगी का साम्राज्य है नगर पंचायत अनपरा मे लगभग 325 कर्मचारियों की नियुक्ति के बाद भी हालत बद से बदतर है द्य बाबू से मीटिंग भी कराई जाती है बाबू ही जनता की गालिया सुनता है बाबू ही सारे कार्य देखता है एक ही व्यक्ति के कार्य पर नगर पंचायत अनपरा के विकास का पहिया घुम रहा है जिससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि विकास की क्या गति हो सकती है ईओ और अध्यक्ष ना तो विकास कार्यो की समीक्षा करते है ना ही भ्रष्टाचार पर रोक लगाते है बस पत्रावलियो पर हस्ताक्षर तक सीमित है द्य एक सप्ताह से व्यापारी नाली निर्माण के आड़ मे जमीन कब्जा का विरोध कर रहे परन्तु ना तो ईओ ने ना ही अध्यक्ष ने मौके पर जाकर व्यापारियों से वार्ता कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया जनता पूछ रही है क्या ऐसे होते है गैर जिम्मेदार ईओ और अध्यक्ष, लोगो ने ईओ अपर्णा मिश्रा के स्थानांतरण की मांग करते हुए अनुभवी ईओ की मांग की है जिससे नगर पंचायत का विकास का पहिया घूम सके और भ्रष्टाचार पर रोक लगे ।

## श्यालावास जेल में कैदियों के हाथों होगा रावण दहन, बुराई पर अच्छाई की जीत का गूंजेगा संदेश

द डेस्प्रिंग

**दौसा- / मनोज खंडेलवाल ।** विजयादशमी के पर्व पर जब पूरे देश में रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जाएगा, उसी दिन श्यालावास स्थित विशिष्ट केंद्रीय कारागार में भी कैदी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच रावण का पुतला जलाकर इस परंपरा को जीवित करेंगे। जेल की चारदीवारी के भीतर यह आयोजन कैदियों के जीवन में सकारात्मकता और सुधार की भावना जगाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

कारागार अधीक्षक पारस जांगिड़ के निर्देशन और जेलर विकास बागोरिया व डिप्टी जेलर दिलावर ख़ान की देखरेख में कैदियों संदीप, नितिन, रामप्रसाद और महेश ने मिलकर रावण का विशाल पुतला तैयार किया है। यह पुतला गुरुवार शाम को दहन किया जाएगा, जिसके साथ ही कैदी अपने हाथों से मंचित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिये यह संदेश देंगे कि जीवन में कितनी भी बुराइयाँ क्यों न हों, अंततः अच्छाई ही विजयी होती है। इस अनोखे आयोजन का महत्व इसलिए भी बढ़



जाता है क्योंकि यह जेल की चारदीवारी के भीतर रह रहे कैदियों को न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ेगा बल्कि उन्हें आत्मचिंतन और समाजोपयोगी जीवन की ओर प्रेरित करेगा। कारागार प्रशासन का मानना है कि रावण दहन केवल एक परंपरा नहीं बल्कि कैदियों को सुधार की राह पर आगे बढ़ाने का प्रतीक बन सकता है।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह समाज कल्याण सप्ताह-2025 का शुभारम्भ

द डेस्प्रिंग

**चित्तौड़गढ़ / गौरव कुमार मेडतवाल ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा समाज कल्याण सप्ताह-2025 का शुभारम्भ अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (01 अक्टूबर 2025) के अवसर पर किया गया। इस उपलक्ष्य में इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम, चित्तौड़गढ़ में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम उपस्थित रहीं। इस अवसर पर पेंशनर समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दशोरा, वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष बसंतीलाल चण्डालिया, महासचिव राधेश्याम आमेरिया, ओमप्रकाश आमेरिया, अनिल सिसोदिया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। उप निदेशक जितेन्द्र कुमार गढ़वाल ने समाज कल्याण सप्ताह की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशील है तथा जिला प्रशासन हमेशा वरिष्ठजनों की सहायता हेतु तत्पर रहेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे वरिष्ठजनों के अनुभवों से प्रेरणा लें और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें। पेंशनर समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण दशोरा ने भारतीय



संस्कृति में चार आश्रमों का महत्व बताते हुए वरिष्ठजनों के जीवन अनुभवों को भावी पीढ़ी के लिए अमूल्य धरोहर बताया। वरिष्ठ नागरिक मंच के बसंतीलाल चण्डालिया व राधेश्याम आमेरिया ने समाज व राष्ट्र निर्माण में वरिष्ठजनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पेनल अधिवक्ता भारती गहलोत ने वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े विधिक प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठजनों को श्रीफल, माला एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार की एल्डर हेल्पलाइन 14567 की जानकारी भी वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन ओमप्रकाश आमेरिया ने किया तथा आभार उप निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा व्यक्त किया गया।

## बालाजी झुंझार जी धाम बना भक्तिमय, दुर्गा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब'

द डेस्प्रिंग

**जयपुर / नरेश सैन** बालाजी झुंझार जी धाम झोटवाडा जयपुर में 9 दिन से चला आ रहा दुर्गा पूजा महोत्सव कन्या पूजन एव हवन के साथ संपन्न हुआ जानकारी देते हुए सेवक कपिल जी महाराज ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष धूम धाम से मनाया जाता है जिसमे हज़ारों की संख्या में भक्तों की भीड़ लगती है जो देर रात तक अनवरत जारी रहती है प्रत्यक दिन महोत्सव में दुर्गा नवचंडी पाठ का आयोजन अनेक पंडितों द्वारा कपिल जी महाराज के



सानिध्य में सुबह शाम किया गया इसके अलावा हर मंगलवार और शनिवार को हजारों की संख्या में भक्तों की भीड़ लगती है जिसमे भक्तों के अटके हुए काम होते है साथ ही नवमी के दिन भक्तों को प्रसाद वितरण करके कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## माधव विश्वविद्यालय में प्रथम उपचार कार्यक्रम का सफल आयोजन

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय में शिक्षा संकाय की ओर से जागरूकता पखवाड़े के अंतर्गत प्रथम उपचार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. सौरव तिवारी और डॉ. कोमल शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी ने किया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ निदेशक डॉ. संजीव सेठ के निर्देशन में आयोजित किया गया। समन्वयक डॉ. सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित और उचित उपचार उपलब्ध कराने के लिए सक्षम बनाना था। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी भी आपात स्थिति आ सकती है, और ऐसे समय में सही उपचार जानना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सौरव तिवारी ने विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को कुत्ते के काटने, साँप के काटने और मधुमक्खी के डंक जैसी आकस्मिक परिस्थितियों में किए जाने वाले प्राथमिक उपचार की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने यह समझाया कि किस प्रकार से प्राथमिक उपचार करके गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है और मरीज को चिकित्सकीय सहायता मिलने तक सुरक्षित रखा जा सकता है। वहीं डॉ. कोमल शर्मा ने हृदयाघात, रक्तस्राव और मस्तिष्क आघात की अवस्था में अपनाए जाने वाले उपचार पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि






आपात स्थिति में सही कदम उठाना मरीज के जीवन की रक्षा करने में निर्णायक भूमिका निभाता है। उनके व्याख्यान में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बड़ी रुचि दिखाई और कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के छात्र और प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार सीखने का व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया।

# मिशन शक्ति फेज-5: बरेली में एंटी रोमियो स्काड ने चलाया सघन चेकिंग और जागरूकता अभियान

द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली)** बरेली नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लक्ष्य के साथ चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान' के पाँचवे चरण (फेज-5) के तहत 1 अक्टूबर 2025 को महिला थाने की टीम ने शहर भर में व्यापक अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में एंटी रोमियो स्काड ने सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग करते हुए महिलाओं और बालिकाओं को सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। सार्वजनिक स्थलों पर सघन चेकिंग एंटी रोमियो स्क्वाड ने शहर के विभिन्न पार्कों, सार्वजनिक स्थलों, और जंक्शन रेलवे स्टेशन




जैसे भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पहुँचकर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अनावश्यक रूप से खड़े और संदिग्ध प्रतीत हो रहे व्यक्तियों से पूछताछ की गई और उन्हें कड़ी चेतावनी देकर छोड़ा गया। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करना था। बालिकाओं को मिली सुरक्षा और सम्मान की जानकारी अभियान



के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं और महिलाओं को एकत्रित किया और उन्हें नारी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्हें सुरक्षा के विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए। साथ ही, बालिकाओं को उनके सम्मान, स्वावलंबन और यातायात के सभी नियमों के विषय में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से कराया अवगत

जागरूकता सत्रों के दौरान महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रमुख रूप से इन योजनाओं की जानकारी दी गई:

* पेंशन योजनाएं:विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना।
* महिला व बाल विकासः सुकन्या समृद्धि योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना।
* स्वास्थ्य और आवासः प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत)।
* अन्य योजनाएंः राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान।

इस मौके पर उपस्थित महिलाओं को उनकी सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### अभियान में शामिल टीम

मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक परमेश्वरी, महिला उप निरीक्षक पुष्पांजलि सिसोदिया, महिला कांस्टेबल आरती बिश्नोई और महिला कांस्टेबल अनुप्रभा यादव शामिल रहीं।

# माधव विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह 9 अक्टूबर को

## उपाधि और मेडल से सम्मानित होंगे मेधावी छात्र

द डेस्प्रिंग



**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय का 7वां दीक्षांत समारोह आगामी 9 अक्टूबर को भव्य रूप से आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति प्रो. अखिल रंजन गर्ग रहेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इसको लेकर जोर शोर से तैयारी की जा रही है और छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों में इसे लेकर खासा उत्साह है। समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। वहीं, विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और विशेष सम्मान भी दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान और समाज व राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरणा का माध्यम बनेगा। मुख्य अतिथि प्रो. गर्ग समारोह में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, नवाचार और तकनीकी विकास के महत्व पर मार्गदर्शन देंगे। इस मौके पर विश्वविद्यालय के चांसलर, प्रेसिडेंट, रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक, संकाय अधिष्ठाता व सदस्य तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहेंगे। विश्वविद्यालय के चांसलर हिम्मत सिंह देवल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के सपनों और परिश्रम की पहचान है। उन्हें चाहिए कि वे सत्य, परिश्रम और मानवता के आदर्शों को जीवन में सर्वोपरि रखें। यही उनकी असली सफलता होगी। प्रेसिडेंट डॉ. राजीव माथुर ने बताया कि यह समारोह विद्यार्थियों के जीवन का नया पड़ाव है। हमें विश्वास है कि वे अपने ज्ञान और कौशल से समाज में उत्कृष्ट योगदान देकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान में लगातार नई ऊँचाइयाँ हासिल कर रहा है। यह डिग्री केवल कागज़ नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की जिम्मेदारी और समाज के प्रति दायित्व है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की मेहनत का उत्सव है। असली शिक्षा निरंतर सीखने और आत्म विकास में है। हम उम्मीद करते हैं कि छात्र अपने आचरण और ईमानदारी से समाज में सकारात्मक बदलाव लाएँगे।

## मालपुरा में श्री मालदेव राजपूत छात्रावास के मुख्य प्रवेश द्वार व दुकानों का होगा उद्घाटन

### प्रतिभा सम्मान समारोह भी होगा आयोजित

द डेस्प्रिंग

**मालपुरा किशन पोसवाल ।** मालपुरा, श्री मालदेव राजपूत छात्रावास अजमेर रोड मालपुरा में बुधवार को श्री राजपूत सभा तहसील इकाई मालपुरा की बैठक का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता धन सिंह राजावत ने



की। बैठक का मुख्य एजेंडा यह रहा की आगामी 5 अक्टूबर 2025 को श्री मालदेव राजपूत छात्रावास मालपुरा के मुख्य प्रवेश द्वार और नवनिर्मित दुकानों का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह उद्घाटन समारोह राजपूत सभा के प्रदेश अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई और जिला अध्यक्ष टोंक मदन सिंह चौहान, चंद्रवीर सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष टोंक के करकमलों द्वारा संपन्न होगा। इस समारोह में प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें कक्षा 10 और 12 में 85% से अधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागी खिलाड़ी, स्काउट एनसीसी कैडेट के साथ नवनियुक्त सरकारी कर्मचारी और सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारियों को भी प्रतिभा सम्मान दिया जाएगा।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447